रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1179] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 17, 2011/ज्येष्ठ 27, 1933
No. 1179] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 17, 2011/JYAISTHA 27, 1933

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 जून, 2011

का.आ. 1417(अ).—विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 (4) के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री पी. के. भसीन की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 (1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने के लिए एक संदर्भ भेजा गया था कि क्या असम के नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एन डी एफ बी) संगठन को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के लिए पर्याप्त कारण विद्यमान हैं अथवा नहीं, का आदेश आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है ।

[फा. सं. 11011/57/2010-एन.ई.-III]

शम्भू सिंह, संयुक्त सचिव

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 के अंतर्गत नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड के संबंध में भारत सरकार द्वारा दिनांक 23-11-2010 की अधिसूचना सं. का.आ. 2826(अ) के तहत गठित भारत के विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण की रिपोर्ट ।

नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रन्ट ऑफ बोडोलैण्ड (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'एन डी एफ बी' कहा जाएगा) को भारत सरकार द्वारा 1992 में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (संक्षिप्त में 1967 के अधिनियम) की धारा 3(1) के अंतर्गत एक अधिसूचना जारी करके विधिविरुद्ध संगम घोषित किया गया था क्योंकि इसका प्राथमिक उद्देश्य बोडोलैण्ड, जिसमें असम

के बोडो आबादी वाले क्षेत्र शामिल हैं, को सभी प्रकार के विधिविरुद्ध और हिंसक तरीकों द्वारा भारत से स्वतंत्र कराना था। तथापि, एन डी एफ बी के विधिविरुद्ध क्रियाकलाप उसके बाद भी उसी तरह से जारी रहे और अत: केन्द्र सरकार तब से हर दो वर्ष बाद इसी प्रकार की अधिसूचनाएं जारी करके एन डी एफ बी को विधिविरुद्ध संगम घोषित करती रही है और इन घोषणाओं की, 1967 के अधिनियम की धारा 5 (i) के अंतर्गत किए गए उपबंध के अनुसार, भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न अधिकरणों द्वारा पुष्टि की गई थी। भारत सरकार ने दिनांक 23.11.2010 की अधिसूचना के तहत एक नई घोषणा की जिसमें एन डी एफ बी को तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम, इस अधिकरण द्वारा उसकी पुष्टि के अध्यधीन, घोषित किया गया है। उक्त अधिसूचना नीचे प्रस्तुत है :-

"गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2010

का.आ. 2826 (अ). ____यत: नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैण्ड (जिसे इसमें इसके पश्चात एन डी एफ बी कहा गया है) का घोषित उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य सशस्त्र पृथकतावादी संगठनों से मिलकर बोडोलैण्ड, जिसमें अधिकतर असम के वे क्षेत्र सम्मिलित हैं जहां बोडो निवास करते हैं, को "मुक्त कराना" और उक्त क्षेत्र को भारत से पृथक करना है;

और यत:, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि एन डी एफ बी:-

(i) पृथक बोडोलैण्ड स्थापित करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए, भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को विच्छिन्न करने वाले या विच्छिन्न करने का आशय रखने वाले अवैध और हिंसात्मक क्रियाकलापों में लिप्त रहा है;

(ii) पृथक बोडोलैण्ड के सृजन के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य भूमिगत संगठनों के साथ सम्बद्ध रहा है;

(iii) विधिविरुद्ध और हिंसक क्रियाकलापों में लगा हुआ है, इस प्रकार उसने भारत सरकार तथा असम सरकार के प्राधिकार को कम किया है और जनता में आतंक और संत्रास फैलाया है;

(iv) अपनी योजनाओं और गतिविधियों के वित्त पोषण और निष्पादन की दृष्टि से समाज के विभिन्न वर्गों से जबरन धन वसूली में संलिप्त रहा है;

(v) अपने आतंकवादी और विद्रोही क्रियाकलापों को जारी रखने के उद्देश्य हेतु नए कॉडरों की भर्ती के लिए व्यवस्थित अभियान चला रहा है;

(vi) गैर-बोडो लोगों में डर और असुरक्षा फैलाने के उद्देश्य से हत्याकाण्ड और नृजातीय हिंसा फैला रहा है जिसके परिणामस्वरूप असम के बोडो प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में रह रहे गैर-बोडो लोगों की हत्या करना, उनकी सम्पति को नष्ट करना आदि जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है;

(vii) अपने पृथकतावादी क्रियाकलापों को चलाने के लिए देश की सीमा से पार कैंपों और छिपने के ठिकानों की स्थापना कर रहा है;

और यत: केन्द्रीय सरकार की यह भी राय है कि एन डी एफ बी की हिंसक गतिविधियों में शामिल हैं:

(i) 2008 में हिंसा की 168 घटनाएं जिनमें 63 आम नागरिक तथा 3 सुरक्षा बल कार्मिक मारे गए; तथा

(ii) 2010 (30 जून तक) में हिंसा की 74 घटनाएं जिनमें 13 आम नागरिक मारे गए।

और यत: केन्द्रीय सरकार की यह भी राय है कि पूर्वोक्त कारणों से एन डी एफ बी के क्रियाकलाप भारत की संप्रभुता और अखण्डता के लिए हानिकर हैं और यह एक विधिविरुद्ध संगम है;

और यत: केन्द्रीय सरकार की यह भी राय है कि यदि एन डी एफ बी के विधिविरुद्ध क्रियाकलापों पर नियंत्रण नहीं लगाया जाता है तो संगठन पुन: नई भर्तियां कर सकता है, हिंसा, आतंकवादी और अलगाववादी क्रियाकलापों में लग सकता है, निधि का संचय कर सकता है और निर्दोष नागरिकों तथा सुरक्षा बलों के कार्मिकों के जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकता है; और इसलिए ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनसे एन डी एफ बी को तत्काल प्रभाव से, विधिविरुद्ध संगम घोषित किया जाना आवश्यक हो जाता है;

अत:, अब, केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैण्ड (एन डी एफ बी) को विधिविरुद्ध संगम घोषित करती है।

केन्द्रीय सरकार की यह भी राय है कि एन डी एफ बी को तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित किया जाना आवश्यक है और तदनुसार, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि अधिसूचना किसी ऐसे आदेश के अधीन रहते हुए, जो उक्त अधिनियम की धारा 4 के अधीन किया जा सकेगा, सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगी।

फा.सं. 11011/57/2010-एन ई-III

आर.आर. झा, संयुक्त सचिव"

2. उक्त अधिसूचना जारी किए जाने के बाद, भारत सरकार ने, 1967 के अधिनियम की धारा 5 (1) के अंतर्गत किए गए उपबंध के अनुसार, दिनांक 15.12.2010 की अधिसूचना सं. का.आ. 2964 (अ) के तहत मेरी अध्यक्षता में एक-सदस्यीय 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण)

अधिकरण' का गठन किया और तत्पश्चात दिनांक 23.12.2010 की अधिसूचना के तहत इस अधिकरण को यह न्याय निर्णयन करने के लिए एक संदर्भ भेजा गया था कि एन डी एफ बी को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने का पर्याप्त कारण है अथवा नहीं। इस संदर्भ के साथ दिनांक 23 नवम्बर, 2010, 15 दिसम्बर, 2010 की अधिसूचनाएं तथा तथ्यों/एन डी एफ बी के विधिविरुद्ध क्रियाकलापों, जिनकी बजह से भारत सरकार ने इस संगठन को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया था, का एक सार भी प्रस्तुत किया गया था। इस सार की विषय-वस्तु नीचे प्रस्तुत है:-

संगठन के उद्देश्य एवं लक्ष्य

एन डी एफ बी (जिसे मूलत: बोडो सुरक्षा बल के रूप में जाना जाता था) का गठन सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से असम के बोडो आबादी वाले क्षेत्रों को भारत से स्वतंत्र कराने और एक स्वतंत्र तथा संप्रभुतासम्पन्न बोडोलैण्ड का निर्माण करने के स्पष्ट उद्देश्य एवं लक्ष्य से 3 अक्तूबर, 1986 को किया गया था । एन डी एफ बी के उद्देश्य एवं लक्ष्य निम्न प्रकार हैं:-

(i) बोडोलैण्ड को भारतीय विस्तार और कब्जे से मुक्त कराना;
(ii) बोडो राष्ट्र को उपनिवेशिक शोषण, दमन और प्रभुत्व से मुक्त कराना;
(iii) स्वतंत्रता, समानता और भाई-चारे को बढ़ावा देने के लिए लोकतांत्रिक साम्यवादी समाज की स्थापना करना; और
(iv) बोडोलैण्ड की अखंडता और संप्रभुता को कायम रखना

एन डी एफ बी ने, भारत सरकार और असम सरकार के साथ 1 जून 2005 से एक वर्ष तक अभियान निलंबन संबंधी समझोते पर हस्ताक्षर किए जिसे समय-समय पर बढ़ाया गया है। अभियान निलंबन संबंधी उक्त समझौता 31.12.2010 तक वैध है। इस समझौते के बावजूद, यह संगठन 'संप्रभुता' और 'आत्म-निर्णय' की दिशा में बढ़ता रहा है।

प्रभाव वाले क्षेत्र/नफरी और शस्त्र भण्डार

एन डी एफ बी, असम के कोकराझार, चिरांग, उदलगुड़ी, बस्का, बारपेटा, नलबाड़ी, दारंग, कामरूप, सोनितपुर, बोगईगांव, धेमाजी तथा कार्बी आंगलांग जिलों के बोडो बहुल क्षेत्रों में सक्रिय बना हुआ है। 1 मई, 2010 को गिरफ्तार किए गए एन डी एफ बी के नेता रंजन दयामारी के अनुसार एन डी एफ बी की काडर नफरी लगभग 170-180 है तथा इसके पास लगभग 100 शस्त्र हैं।

अन्य आतंकवादी संगठनों/पाकिस्तान अन्तर सेवा आसूचना (आई एस आई) के साथ संबंध

एन डी एफ बी, नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैण्ड (इसाक मुईवाह) [एन एस सी एन (आई/एम)] के साथ संबंध बनाए हुए है। एन डी एफ बी (आर डी) तथा एन एस सी एन (आई/एम) 'सेल्फ डिफेंस यूनाइटेड फ्रंट ऑफ साउथ ईस्ट हिमालयान रीजन' नामक एक व्यापक संगठन, जिसमें त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर के पूर्वोत्तर के छोटे उग्रवादी संगठन शामिल हैं, के सदस्य हैं। हाल के विगत में इस संगठन द्वारा किसी कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया है। एन डी एफ बी के नेता विदेशों में, विशेष रूप से थाईलैण्ड (बैंकाक) और बंगलादेश जाते रहते हैं। इसके बंगलादेश में शरण स्थल/छिपने के अड्डे हैं। एन डी एफ बी ने भारत-म्यांमार सीमा के निकट एक प्रशिक्षण शिविर स्थापित किया है। रंजन दयामारी से पूछताछ के दौरान उसने पाकिस्तान के साथ अपने संबंध होने की बात स्वीकार की जिसने एन डी एफ बी को शस्त्र तथा प्रशिक्षण प्रदान किया।

एन डी एफ बी की हिंसक गतिविधियां

मई, 2005 में अभियान निलंबन संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद एन डी एफ बी ने 2007 तक हिंसा की गति धीमी रखी। तथापि, वर्ष 2008 में हिंसा में बहुत वृद्धि हुई तथा हिंसा की 93 घटनाओं में 112 लोगों की मृत्यु हो गई। 30 अक्तूबर, 2008 को रंजन दयामारी के नेतृत्व में कुछ काडरों ने गुवाहाटी, बारपेटा, बोगईगांव और कोकराझार में श्रंखलाबद्ध विस्फोटों की योजना बनाई तथा उसे अजाम दिया जिनमें 88 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 423 लोग घायल हुए। वर्ष 2009 से एन डी एफ बी द्वारा की गई हिंसा में वृद्धि हुई है। वर्ष 2009 के दौरान 168 घटनाओं में 3 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित 63 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। वर्ष 2010 में (30 जून तक) एन डी एफ बी द्वारा अंजाम दी गई हिंसा की 74 घटनाओं में 13 नागरिकों की मृत्यु हो गई।

विगत में एन डी एफ बी अपनी विचारधारा के विरोधी बोडो दलों/संगठनों सहित गैर-बोडो लोगों, व्यवसाइयों, पुलिस कार्मिकों और राजनैतिक दलों के सदस्यों/नेताओं को निशाना बनाता रहा था। एन डी एफ बी उत्पीड़क तरीकों से बड़ी तादाद में धन संग्रह करता रहा है। असम के छोटे कस्बों में कार्यरत चाय बागान स्वामियों, व्यवसाइयों, ठेकदारों, चिकित्सकों, वकीलों और शिक्षकों को भी आमतौर पर एन डी एफ बी को भारी तादाद में धनराशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है तथा ऐसा न करने पर पीड़ितों को मृत्युदंड की धमकी दी जाती है। एन डी एफ बी के भूमिगत संगठन भी गैर-बोडो लोगों का उत्पीड़न करते रहे हैं तथा उन्हें डराते-धमकाते रहे हैं और उनसे 'बोडोलैण्ड कर' का भुगतान करने अथवा 'बोडोलैण्ड' क्षेत्र को छोड़कर चले जाने अन्यथा गम्भीर परिणाम भुगतने के लिए कहते रहे हैं। एन डी एफ बी के ऐसे कृत्यों ने 'बोडोलैण्ड' क्षेत्र में रह रहे गैर-बोडो लोगों के मन में भय पैदा कर दिया है। एन डी एफ बी की व्यापक स्तर पर की जाने वाली जबरन धन वसूली से करोड़ों रुपये की राशि इकट्ठी हो गई है

जिसका प्रयोग इसके संगठनात्मक, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शस्त्र प्रापण और इसके नेताओं के विदेशों में ठहरने के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है।

एन डी एफ बी द्वारा निरंतर हिंसा का सहारा लिया जाना, अन्य उग्रवादी संगठनों के साथ संबद्ध, विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहने तथा नृजातीय तनाव/हिंसा फैलाने की उनकी सहज प्रवृत्ति, जबरन धन वसूली और सबसे अधिक 'संप्रभुता संपन्न बोडोलैण्ड' की बात पर जोर देना गम्भीर चिंता के विषय हैं। इस संगठन की लक्षित हिंसा में संलिप्त रहने की क्षमता बनी हुई है। रंजन दयामारी, अध्यक्ष [एन डी एफ बी (आर डी)]की गिरफ्तारी से इसका हिंसा का स्तर प्रभावित नहीं हुआ है। एन डी एफ बी ने 8 जुलाई, 2010 को एक प्रैस रिलीज के माध्यम से 7.7.2010 तथा 8.7.2010 की मध्य रात्रि को बोगईगांव में रेलवे ट्रैकों पर हुए श्रंखलाबद्ध विस्फोटों की जिम्मेदारी ली।

असम सरकार, रक्षा मंत्रालय और आसूचना एजेंसियो की सिफारिश

असम सरकार तथा आसूचना ब्यूरो ने सिफारिश की है कि धीरेन, बोडो अध्यक्ष के नेतृत्व वाले एन डी एफ बी (पी) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किए जाने की आवश्यकता नहीं है और केवल एन डी एफ बी (आर डी) को 22 नवम्बर, 2010 से आगे दो वर्ष की अवधि के लिए विधिविरुद्ध संगम घोषित किया जाए। तथापि, रक्षा मंत्रालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग ने सिफारिश की है कि एन डी एफ बी को 22 नवम्बर, 2010 के बाद 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित रखा जाए।

प्रतिबंध को बढ़ाए जाने का आचित्य

पूर्ववर्ती पैराग्राफों में उल्लिखित स्थिति पर गौर करते हुए एन डी एफ बी को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत निम्नलिखित आधारों पर 22 नवम्बर, 2010 से आगे दो वर्ष की अवधि के लिए 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया है:

(i) पृथक बोडोलैण्ड स्थापित करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए, भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को विच्छिन्न करने वाले या विच्छिन्न करने का आशय रखने वाले अवैध और हिंसात्मक क्रियाकलापों में लिप्त रहना;

(ii) पृथक बोडोलैण्ड के सृजन के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य भूमिगत संगठनों के साथ सम्बद्ध रहना.

(iii) विधिविरुद्ध और हिंसक क्रियाकलापों में लगा हुआ है, इस प्रकार उसने भारत सरकार तथा असम सरकार के प्राधिकार को कम किया है और जनता में आतंक और संत्रास फैलाना;

(iv) अपनी योजनाओं और गतिविधियों के वित पोषण और निष्पादन की दृष्टि से समाज के विभिन्न वर्गों से जबरन धन वसूली में संलिप्त रहना;

(v) अपने आतंकवादी और विद्रोही क्रियाकलापों को जारी रखने के उद्देश्य हेतु नए कॉडरों की भर्ती के लिए व्यवस्थित अभियान चलाना;

(vi) गैर-बोडो लोगों में डर और असुरक्षा फैलाने के उद्देश्य से हत्याकांड और नृजातीय हिंसा फैला रहा है जिसके परिणामस्वरूप असम के बोडो प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में रह रहे गैर-बोडो लोगों की हत्या करना, उनकी सम्पति को नष्ट करना आदि जैसी गतिविधियों में शामिल रहना;

(vii) अपने पृथकतावादी क्रियाकलापों को चलाने के लिए देश की सीमा से पार कैंपों और छिपने के ठिकानों की स्थापना करना;

और यत: केन्द्रीय सरकार की यह भी राय है कि एन डी एफ बी (आर डी) की हिंसक गतिविधियों में शामिल है:-

(i) 2008 में हिंसा की 168 घटनाएं हुईं जिनमें 63 आम नागरिक तथा 3 सुरक्षा बल कार्मिक मारे गए; तथा

(ii) 2010 (30 जून तक) में हिंसा की 74 घटनाएं हुईं जिनमें 13 आम नागरिक मारे गए।

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उप-धारा (3) के परन्तुक के अंतर्गत यदि केन्द्र सरकार की यह राय हो कि ऐसी परिस्थितियां मौजूद हैं जिनसे एन डी एफ बी को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित करने संबंधी अधिसूचना का विस्तार करना आवश्यक है तो वह लिखित में कारण बताकर यह निदेश दे सकती है कि अधिसूचना राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगी। एन डी एफ बी की गतिविधियां जारी हैं, और यह महसूस किया गया कि यदि अधिसूचना के विस्तार में कोई विलंब हुआ तो यह संगठन इस स्थिति का अनुचित लाभ उठाएगा और पृथकतावाद, विध्वंसक तथा हिंसक गतिविधियों का तेज करने के लिए अपने काडरों को एकजुट करेगा। इससे इस संगठन के नेतृत्व को भारत के सुरक्षा हितों के लिए हानिकर विदेशी तत्वों के साथ मिलकर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को खुले तौर पर प्रचार करने का भी अवसर मिल सकता है। ऐसी स्थिति में पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए भी इस संगठन के सदस्यों और काडरों को नज़रबंद करना तथा उन पर अभियोग चलाना कठिन होगा। अत: एन डी एफ बी पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिसूचना का, राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की और अवधि तक, विस्तार करना आवश्यक समझा गया।"

3. मैंने 4.1.2011 को इस मामले पर प्रारंभिक रूप से विचार किया। दिनांक 23 नवम्बर, 2010 की अधिसूचना में सरकार द्वारा उल्लिखित तथ्यों तथा पहले शब्दश: प्रस्तुत किए गए तथ्यों के सार पर विचार करने के पश्चात मैंने एन डी एफ बी के एक नोटिस जारी करने का निदेश दिया कि वह इस

नोटिस की तामीली की तारीख के 30 दिन के भीतर इस बात का कारण बताए कि इसे विधिविरुद्ध संगम क्यों नहीं घोषित किया जाए। एन डी एफ बी को कारण बताओ नोटिस की तामीली, इसे दो दैनिक राष्ट्रीय समाचारपत्रों और असम के दो स्थानीय समाचारपत्रों में प्रकाशित कराए जाने के अतिरिक्त, इसके सभी उपलब्ध पतों पर किए जाने का निदेश दिया गया। एन डी एफ बी को इस नोटिस की तामीली, उक्त संगठन के कार्यालय के प्रमुख भाग पर इसकी प्रति चिपकाकर करने का भी निदेश दिया गया।

4. एन डी एफ बी को निदेशानुसार इस नोटिस की तामीली विधवत् रूप से की गई, किन्तु उसने इस अधिकरण द्वारा जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का तीन दिन की अवधि के अन्दर जवाब नहीं दिया और इसलिए इस मामले में आगे की कार्यवाहियां एक पक्षीय रूप से करने का आदेश दिया गया।

5. केन्द्र सरकार और असम राज्य को, एन डी एफ बी को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के समर्थन में शपथपत्रों के रूप में साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई। केन्द्र सरकार की और से गृह मंत्रालय में निदेशक श्री जी.पी.एन. सिंह ने अपना शपथपत्र, प्रदर्श एस डब्ल्यू-19/ए दायर किया। अपने शपथपत्र के साथ श्री सिंह ने अन्य विश्वसनीय दस्तावेजों के अतिरिक्त, तथ्यों का सार (प्रदर्श एस डब्ल्यू-19/बी), जो वही दस्तावेज है जो उक्त संदर्भ भेजे जाने के समय सरकार द्वारा इस अधिकरण को भेजा गया था तथा जिसकी विषय-वस्तु पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है, भी संलग्न किया। वह सार अब श्री जे.पी.एन. सिंह के शपथपत्र का भाग है। एन डी एफ बी के संविधान की प्रति, जिसमें इसके विधिविरुद्ध उद्देश्य और लक्ष्य दिए गए हैं, एस डब्ल्यू-15 श्री डी. मालाकर, संयुक्त सचिव, असम सरकार, गृह एवं राजनैतिक विभाग के शपथपत्र सहित रिकॉर्ड में रखी गई है तथा वह प्रदर्श एस डब्लू 15 ए है। उक्त संविधान के संगत अनुच्छेद नीचे प्रस्तुत हैं :-

"अनुच्छेद 6. प्रचालन क्षेत्र

इस तथ्य के बावजूद कि एन डी एफ बी की गतिविधियां मुख्यत: बोडोलैण्ड में होंगी, जहां तक प्रचालन का संबंध है, इसका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं होगा।

अनुच्छेद 18. बोडोलैण्ड आर्मी

राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष चलाने हेतु एन डी एफ बी की बोडोलैण्ड आर्मी के नाम से अपनी स्वयं की सेना होगी। बोडोलैण्ड आर्मी को बोडोलैण्ड आर्मी कार्यालय के माध्यम से विनियमित किया जाएगा। ।

अनुच्छेद 19. पीपल्स रिवोल्यूशनरी गवर्नमेंट

क्रांतिकारी संघर्ष की प्रक्रिया के दौरान एन डी एफ बी पीपल्स रिवोल्यूशनरी गवर्नमेंट का गठन करेगा तथा इसकी स्थापना करेगा जिसे गवर्नमेंट ऑफ द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बोडोलैण्ड के नाम से जाना जाएगा।

अनुच्छेद 20. द पीपल्स रिवोल्यूशनरी गवर्नमेंट

दोषसिद्धि के स्वतंत्र और निष्पक्ष विचारण के लिए पीपल्स रिवोल्यूशनरी कोर्ट के रूप में एन डी एफ बी की न्यायपालिका होगी।

6. विद्वान एडीशनल सॉलिसीटर जनरल तथा असम राज्य के विद्वान वकील द्वारा जिस अन्य महत्वपूर्ण गवाह की ओर मेरा ध्यान आकृष्ट किया गया वह एस डब्ल्यू-14 सुश्री बन्या गोगोई, पुलिस अधीक्षक (एस ओ यू), दिसपुर, असम राज्य हैं। उन्होंने अपने शपथपत्र प्रदर्श एस डब्ल्यू-14/ए में निम्नलिखित उल्लेख किया:

" कि अभिसाक्षी यह बताना चाहता है कि 1 जून, 2005 को भारत सरकार तथा असम सरकार और एन डी एफ बी के बीच 6 (छः) माह की अवधि तक अभियान निलंबन संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए और तत्पश्चात इस क्षेत्र में स्थायी शांति के उद्देश्य से इसका चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया गया है। तथापि, उक्त समझौते के बावजूद, एन डी एफ बी, अभियान निलंबन संबंधी बुनियादी नियमों, जिन पर 1 जून, 2005 को सहमति हुई थी, का उल्लंघन करता रहा है तथा उसने राष्ट्र के विरुद्ध सक्रिय युद्ध छेड़ा हुआ है। उक्त समझौते के बावजूद एन डी एफ बी ने, सेना/पुलिस/सुरक्षा बल कार्मिकों तथा कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर हमलों और सार्वजनिक एवं निजी संपतियों को नष्ट करने सहित आतंकवादी हिंसा के अपने कृत्यों को तेज करके संप्रभु बोडोलैण्ड की स्थापना करने के उद्देश्य से अपनी अलगाववादी और हिंसक गतिविधियां जारी रखीं। इस संगठन ने मेघालय और मिजोरम से लगे बंगलादेश के क्रमश: शेरपुर जिले और चिटगांग हिल ट्रेक्ट्स में अनेक शिविर/छिपने के अड्डे स्थापित कर लिए हैं। विदेशी जमीन पर शिविरों की स्थापना से एन डी एफ बी कॉडरों के प्रशिक्षण में सुविधा हुई जिस पर कोई अंकुश नहीं लगाया गया। इससे राज्य में उनकी विध्वंसक गतिविधियों का जारी रखने में सुगमता हुई है क्योंकि नए भर्ती किए गए कॉडरों को विदेश में प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के बाद उन्हें विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए राज्य में

भेजा जाता है। बंगलादेश में एन डी एफ बी के शिविरों के निकट ए एन वी सी, एच एन एल सी, एन एस सी एन (आई एम), उल्फा और एन एल एफ टी जैसे पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी संगठनों के इसी प्रकार के शिविरों की मौजूदगी शस्त्रों के ट्रान्शिपमेंट में इस संगठन के लिए मददगार होती है। मेघालय की एच एन एल सी (हन्नीवट्रेप नेशनल लिब्रेशन काउन्सिल) तथा उल्फा के साथ एन डी एफ बी के अवैध संबंध अभी भी बने हुए हैं। उन्होंने मेघालय के रिभोई जिले से लगी असम-मेघालय की सीमा पर एक शिविर स्थापित किया है जो गुवाहाटी शहर के निकट है। उक्त स्थान से ये फिरौती प्राप्त करने के लिए गुवाहाटी शहर में व्यवसायियों के अपहरण के संयुक्त अभियान चलाते थे। अध्यक्ष रंजन दयामारी (गिरफ्तारी के बाद से) सहित बंगलादेश में स्थित एन डी एफ बी का नेतृत्व संप्रभुता संपन्न स्वतंत्र बोडोलैण्ड की स्थापना किए जाने का समर्थन कर रहा है। रंजन दयामारी (अध्यक्ष, एन डी एफ बी) ने बंगलादेश के खग्राचारी शिविर में हुई एक पासिंग आउट परेड में प्रशिक्षणार्थियों से अपील की कि वे स्वतंत्र बोडोलैण्ड की स्थापना के लिए अपने जीवन का बलिदान करें।

XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX

कि अपने प्रारंभ के समय से, एन डी एफ बी, अपने अलगाववादी उद्देश्य को हासिल करने के लिए दारंग, सोनितपुर, कोकराझार, नलबाड़ी, बारपेटा, नगांव, गोलाघाट, लखीमपुर, धेमाजी, कामरूप, चिरांग, उदलगुड़ी, कार्बी एन्गलांग, बस्का, गोलपाड़ा, धुबरी और गुवाहाटी शहर में बड़े पैमाने पर आतंकवादी और विध्वंसक कृत्यों में संलिप्त रहा है तथा गैर-जन जातीय लोगों तथा एन डी एफ बी की अलगाववादी विचारधारा का विरोध करने वाले बोडो लोगों में भी दहशत तथा असुरक्षा की भावना फैलाता रहा है।

कि यह संगठन उल्फा, एन एस सी एन (के), एन एस सी एन (आई एम), के वाई के एल, यू एन एल एफ, के एल ओ, टी पी डी एफ, एच एन एल सी, ए एन वी सी और एल डी सी एम के अन्य विद्रोही संगठनों के साथ निकट संबंध बनाए हुए है। इसने बंगलादेश में बोलचारी शिविर (खग्राचारी), मणिकुरा (हलोवाघाट), पश्चिमी काफ्रूल (ढाका टाउन) जैसे अनेक छिपने के अड्डे स्थापित कर लिए हैं। उन्होंने एन एल एफ टी के साथ मिलकर ट्रांजिट कैम्प भी स्थापित किए हैं।

रंजन दयामारी के पूछताछ विवरण का उद्धरण संलग्न है तथा इस पर अनुलग्नक-"ख" लिखा गया है।

अभिसाक्षी यह बताना चाहता है कि रंजन दयामारी का समस्त पूछताछ विवरण संवेदनशील स्वरूप का है, अतः, यदि अपेक्षित हो तो वह माननीय अधिकरण के समक्ष समस्त मूल विवरण को सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करने के लिए इस माननीय अधिकरण की अनुमति प्राप्त करना चाहता है।

इसके अतिरिक्त, एन डी एफ बी शिविरों के निकट ए एन वी सी, एच एन एल सी, एन एस सी एन (आई एम), ए टी टी एफ और एन एल एफ टी जैसे पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी

संगठनों के इसी प्रकार के शिविरों की मौजूदगी से इस संगठन को चिटगांग पोर्ट मार्ग से होकर विभिन्न एजेंसियों की सहायता से प्राप्त होने वाले शस्त्रों के ट्रान्शिपमेंट में मदद मिलती है। अध्यक्ष रंजन दयामारी (मई, 2010 में गिरफ्तारी के बाद से) सहित बंगलादेश में स्थित एन डी एफ बी नेतृत्व ने एक संप्रभुता सम्पन्न स्वतंत्र बोडोलैण्ड की स्थापना करने पर जोर दिया।

कि बढ़ती आतंकी हिंसा, जिसमें एन डी एफ बी शामिल रहा है, को ध्यान में रखते हुए भारत ने प्रारंभ में इस संगठन को भारत सरकार की दिनांक 23.11.92 की अधिसूचना सं. का.आ. 851 (अ) के तहत, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगम के रूप में अधिसूचित किया था। भारत सरकार की दिनांक 23.11.94 की अधिसूचना सं. का. आ. 836 (अ) के तहत प्रतिबंध की अवधि को दो वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया। आतंकवादी हिंसा के लगातार विध्वंसक कृत्यों के कारण, जिसके परिणाम स्वरूप काफी संख्या में मासूम आम नागरिकों, पुलिस/सुरक्षा बल कार्मिकों आदि की हत्याएं हुई और जिनसे शांति-पसन्द नागरिकों के बीच व्यापक रूप से आतंक फैला, एन डी एफ बी पर लगे प्रतिबन्ध को भारत सरकार की दिनांक 23.11.96 की अधिसूचना सं. का. आ. 811 (अ) के तहत दिनांक 22.11.96 से 2 वर्ष की और अवधि के लिए बढ़ा दिया गया। उक्त प्रतिबंध भारत सरकार की दिनांक 23.11.98 की अधिसूचना सं. का. आ. 988 (अ) के तहत पुन: दो वर्ष के लिए बढ़ाया गया। उक्त प्रतिबन्ध को पुन: भारत सरकार की दिनांक 23.11.2000 की अधिसूचना सं. का. आ. 1043 (अ) के तहत और 2 वर्ष के लिए बढ़ाया गया। उक्त प्रतिबन्ध को फिर से भारत सरकार की दिनांक 23.11.2002 की अधिसूचना सं. का. आ. 1224 (अ) के तहत 2 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया। भारत सरकार की दिनांक 23.11.2004 की अधिसूचना सं. का. आ. 1292 (अ) के तहत प्रतिबन्ध को 22.11.2006 तक 2 (दो) वर्ष के लिए बढ़ाया गया। भारत सरकार की दिनांक 23.11.2006 की अधिसूचना सं. का. आ. 1292 (अ) के तहत प्रतिबन्ध की अवधि को बढ़ाकर 22.11.2008 तक कर दिया गया। पुन: दिनांक 23.11.2008 की अधिसूचना सं. का. आ. 2714 (अ) के तहत यह अवधि बढ़ाकर 22.11.10 तक कर दी गई। विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत गठित माननीय अधिकरण ने भारत सरकार के प्रतिबन्ध संबंधी आदेश की पुष्टि की थी।

यह कि एन डी एफ बी के उपाध्यक्ष, महासचिव सहित कुछ वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी और बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र जिलों (बी टी ए डी) के गठन के बाद इस संगठन के प्रति घटते जनाधार की प्रवृत्ति को देखते हुए एन डी एफ बी ने दिनांक 15.10.2004 से एकपक्षीय युद्ध विराम की घोषणा की। दिनांक 01.06.2005 से एक वर्ष के लिए अभियान के निलंबन संबंधी समझौते पर भारत सरकार, असम सरकार और एन डी एफ बी नेतृत्व ने हस्ताक्षर किए, उक्त समझौते को युद्ध विराम के बाद भी एन डी एफ बी द्वारा अलगाववादी विचारधारा पर कायम रहने

के कारण दिनांक 01.06.2006 से केवल और 6 (छह) माह के लिए बढ़ाया गया है। इस समय युद्ध विराम की विस्तारित अवधि 30.06.2011 तक है।

यह कि 1 जून, 2005 से अभियान के निलंबन के पश्चात् एन डी एफ बी द्वारा की गई हिंसा की प्रवृत्ति से स्पष्ट होता है कि अभियान के निलंबन के पश्चात् 2005 में यह संगठन हिंसा की 05 घटनाओं में संलिप्त रहा जिसमें 2 मासूम नागरिक मारे गए और पुन: वर्ष 2006 में यह संगठन हिंसा की 28 घटनाओं में संलिप्त रहा जिसमें 7 आम नागरिकों की मृत्यु हुई तथा 2007 में इसकी संलिप्तता 36 हिंसक घटनाओं में थी जिनमें 3 आम नागरिकों की मृत्यु हो गई। इसी बीच असम में एन डी एफ बी का नेतृत्व शांति प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से अपनी मांगों के चार्टर से संप्रभुता के मुद्दे को हटा देने पर विचार कर रहा था। इसे एन डी एफ बी के अध्यक्ष रंजन दायमारी ने, जो उस समय बंगलादेश में अपने ढ़ाका स्थित ठिकाने पर छिपा हुआ था, स्वीकार नहीं किया। इसके परिणाम स्वरूप संप्रभुता के मुद्दे पर नेतृत्व में मतभेद उभर कर सामने आ गए। जबकि रंजन दायमारी अपने समर्थकों के साथ 'संप्रभुता' के मुद्दे को मांगों के चार्टर में बनाए रखने का हिमायती था, वहीं दूसरा गुट, जिसमें धीरेन बोडो, उपाध्यक्ष, गोबिंदा बासुमती, महासचिव आदि सहित अधिकांश शीर्षस्थ नेता थे, संप्रभुता की मांग को छोड़ते हुए भारत के संविधान के दायरे में अपनी समस्याओं के निपटारे का इच्छुक था। इस बारे में एन डी एफ बी के महासचिव गोबिंदा बासुमती ने भारत सरकार को सितम्बर 29/08 में संशोधित मांगों का चार्टर सौंपा जिसमें संप्रभुता का मुद्दा छोड़ दिया गया था। इन परिस्थितियों के मद्देनज़र रंजन दायमारी ने, अपने समर्थकों को एक जुट करते हुए जिनमें कुछ इसके नेतृत्व में असम में और कुछ बंगलादेश में सक्रिय थे, अपनी ताकत का प्रदर्शन करने तथा भारत सरकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में और अधिक हिंसा में संलिप्त हो गया। इसके परिणाम स्वरूप 2008 में हिंसा और अन्य विध्वसंक क्रियाकलापों में तेजी देखी गई। वर्ष 2008 में हिंसा की कुल 128 घटनाएं हुई जिनमें 126 आम नागरिक मारे गए और इसमें गुवाहाटी शहर सहित असम के चार शहरों में 30 अक्टूबर, 2008 को श्रृंखलाबद्ध विस्फोटों की जघन्य घटनाएं हुई जिनमें 89 व्यक्ति मारे गए और 593 व्यक्ति घायल हुए। नेतृत्व में चल रहा मतभेद 15 दिसम्बर, 08 को कोकराझार नामोदिष्ट शिविर में आयोजित आम परिषद की बैठक के नतीजों में उजागर हुआ जहां रंजन दायमारी के स्थान पर धीरेन बोडो को संगठन का अध्यक्ष बनाया गया। इस समय धीरेन बोडो के नेतृत्व में एन डी एफ बी अपने को सीमित रखे हुए है और बात-चीत के जरिए अपनी समस्याओं का हल चाहता है जिसके लिए उन्होंने अपने को एन डी एफ बी (प्रोगेसिव) नाम दिया है और अपने संविधान में संशोधन किए हैं।

तथापि यह गंभीर चिंता का विषय है कि ऐसे कई उदाहरण हैं जब एन डी एफ बी (प्रोगेसिव) अर्थात् एन डी एफ बी (वार्ता समर्थक) गुट के काडर बीमारी, व्यक्तिगत कारणों से अपने घरों को जाने, पारिवारिक समारोहों में जाने का अलग-अलग बहाना बनाकर अपने नामोदिष्ट शिविरों को छोड़कर एन डी एफ बी, जिसे आमतौर पर एन डी एफ बी (रंजन दायमारी गुट) या एन डी एफ बी (आर) या एन डी एफ बी (वार्ता विरोधी गुट) कहा जाता है, में शमिल हो जाते हैं और फिर से हिंसक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं। उदाहरण के लिए जी. रफीखांग, जो बाकसा जिले में बोर बोरी नामोदिष्ट शिविर का शिविर कमांडर था, बोर बोरी नामोदिष्ट शिविर में रहने वाला विष्णु गोयारी ऊर्फ बिदेई ने शिविर को छोड़कर एन डी एफ बी (वाता विरोधी गुट) द्वारा शुरू की गई शांति प्रक्रिया के विरोधी उपर्युक्त एन डी एफ बी (रंजन दायमारी मुट) के साथ शामिल हो गया।

एन डी एफ बी के उपाध्यक्ष जी. रफीखांग द्वारा 14 सितम्बर, 2010 को शहीदी दिवस पर दिए गए भाषण से बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि संगठन वार्ता-समर्थक और वार्ता विरोधी दो गुटों में बंट गया है जिसमें वार्ता विरोधी गुट ने अपनी अलगाववादी विचारधारा और शासन के खिलाफ़ हिंसक गतिविधियां जारी रखने का प्रण लिया।

जी. रफीखांग के उपर्युक्त वक्तव्य की प्रति **अनुलग्नक ग** पर संलग्न है।

राज्य के विभिन्न भागों में एन डी एफ बी (रंजन दायमारी) द्वारा जबरन धन वसूली के अनेक उदाहरण मौजूद हैं। वे लोगों, व्यापारियों और ठेकेदारों से गुप्त तरीके से धनराशि एकत्र कर रहे हैं। संगठन के काडर, संगठन के लिए चंदे के नाम पर अनेकों नागरिकों और चल रही परियोजनाओं के प्रमुखों आदि को मांग-पत्र जारी करने में संलिप्त पाए गए हैं। संगठन ने चंदे के नाम पर जबरन धनवसूली की यह प्रक्रिया अपनाई हुई है। शस्त्रों और गोला बारुद से पूरी तरह से सुसज्जित इनके काडर बंदूक की नोक पर लोगों, व्यापारियों आदि से जबरन धनवसूली करते हैं। वह उस व्यक्ति को मार देने में नहीं झिझकते हैं जो मांगी गई राशि देने में विफल रहते हैं। इस संबंध में यह उल्लेख किया जाता है कि 23 जुलाई, 2009 को लगभग 1130 बजे, अपने चेहरों को कपड़े से ढ़के हुए 3 (तीन) संदिग्ध एन डी एफ बी (आर) उग्रवादियों ने सोनितपुर जिले के ढेकीजुली पुलिस थाने के अंतर्गत जोर पुकुरी से आई आई आर एम (इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड रिसोर्स मैनेजमेंट) के कर्मचारी दीपक गुरूंग (25) पुत्र रीतु गुरूंग, ग्राम मिजिकाजन, पुलिस थाना - विश्वनाथ चरियाली का अपहरण कर लिया। इस संबंध में मिली आगे की सूचना के अनुसार, पुलिस/सेना ने गुप्त सूचना के आधार पर दीपक गुरूंग को लौडंगी जंगल क्षेत्र (ढेकीयाजुली पुलिस थाना) से बरामद कर लिया। इसका संबंध भारतीय दंड संहिता की धारा 365/34 के अंतर्गत ढेकीयाजुली पुलिस थाना के मामला सं. 219/09 से है और 22

मार्च, 2010 को संदिग्ध एन डी एफ बी (आर) उग्रवादियों ने बिहारी मुस्लिम समुदाय (गद्दा बनाने वाले) के मो. आलम (25) पुत्र मो. मोइनुद्दीन और मो. गोलाब पुत्र मो. नसीरूद्दीन नामक दो व्यक्तियों, जो सोनितपुर जिले के रंगपारा पुलिस थाने के अंतर्गत रंगपारा शहर के वार्ड नं. 2 में एक किराए के मकान में ठहरे हुए थे, का अपहरण कर लिया। पुलिस ने 25.3.10 को रंगपारा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम गौरंगजुली पहाड़ के पास के एक जंगल से उनके शव बरामद किए।

3 अगस्त, 2010 को लगभग 2030 बजे सूचना मिलने पर तेजपुर पुलिस ने तेजपुर बस स्टैंड से कथलगुड़ी (सीलापत्थर पुलिस थाना, धेमाजी जिला) की सुश्री ऊषा रामचियरी उर्फ उइन्गश्री जियाबाड़ी की श्रीमती अरुणा बासुमतारी, नं. 4 बतासीपुर की श्रीमती मीना बासुमतारी और अलयसीरी जियाबाड़ी की श्रीमती उर्मिला गयारी, ये सभी ढेकीयाजुली पुलिस थाने के अंतर्गत हैं, नामक एन डी एफ बी (आर) के 4 (चार) महिला काडरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 12,16,153/-रु. (बारह लाख सोलह हजार और एक सौ तिरपन रु.), एक मोबाइल फोन और कुछ संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए। इसका संबंध विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120(ख)/121/121(क)/384 के अंतर्गत तेजपुर पुलिस थाना मामला सं. 726/10 से है।

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx

यह कि एन डी एफ बी (रंजन दायमारी गुट) (जिसे संक्षिप्त रूप में "एन डी एफ बी (आर)" कहा गया है) राजनैतिक नेताओं, मासूम लोगों पर हमला जारी रखे हुए है:

दिनांक 24 अप्रैल, 2009 को लगभग 1130 बजे जब कोकराझार एच पी सी के लिए उम्मीवार श्री एस. के. बीविसमुथियारी, बी टी ए डी के एक कार्यकारी सदस्य और अन्य लोगों का काफिला गोसांईगांव की तरफ से तिपकई पानबारी की तरफ बढ़ रहा था, उसी समय कोकराझार जिले के गोसांईगांव पुलिस थाने के अंतर्गत नसराईबारी में संदिग्ध एन डी एफ बी (आर) काडरों ने उन पर घात लगाकर हमला किया और वहां 2 (दो) व्यक्ति (पुलिस कार्मिक-1, आम नागरिक-1) मारे गए तथा 9 (पुलिस कार्मिक-5, आम नागरिक-4) घायल हो गए। श्री एस. के. बीविसमुथियारी को कोई चोट नहीं आई। घायल व्यक्तियों को ईलाज के लिए गोसाईगांव अस्पताल ले जाया गया। इसके अतिरिक्त, 4 अक्तूबर, 2009 को लगभग 1800 बजे एन डी एफ बी (आर) काडरों ने सोनितपुर जिले के विश्वनाथ चरियाली के अंतर्गत नं. 2 भीमाजुली गांव और नं. 2 डिलीचांग में मासूम लोगों पर अन्धाधुन्ध गोलियां चलाकर आतंक का माहौल व्याप्त कर दिया। इसमें 12 (बारह) लोगों की मृत्यु हो गई और 10 (दस) अन्य लोग घायल हुए।

इसका संबंध आयुध अधिनियम की धारा 27(3) और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/324/326/307 के अंतर्गत विश्वनाथ चरियाली पुलिस थाने के मामला सं. 151/09 से है।

29/30-06-09 को एन डी एफ बी (आर) काडरों ने सोनितपुर जिले के रंगपारा पुलिस थाने के अंतर्गत नं.1 नहोरोनी ग्रांट में हिन्दी भाषी 4 लोगों की निर्मम हत्या कर दी। इस मामले का संबंध आयुध अधिनियम की धारा 27(3) और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/324/326/307 के अंतर्गत विश्वनाथ चरियाली पुलिस थाने के मामला सं. 151/09 से है।

<u>विदेशी धरती पर भर्ती और प्रशिक्षण:</u> एन डी एफ बी (आर) नेतृत्व, संप्रभुता संपन्न बोडोलैंड बनाने संबंधी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने संगठनात्मक आधार को सुदृढ़ करने संबंधी उद्देश्य के मद्देनजर अपने संगठन में नए काडरों की भर्ती कर रहा है। युद्ध-विराम की अवधि में इस संगठन ने संगठन हेतु राज्य के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती की है। इन नए रंगरूटों को शस्त्रों, गोलाबारूद आदि चलाने में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बैचों में बंगलादेश भेजा गया है। उन्हें बंगलादेश में एन डी एफ बी (आर) के विभिन्न शिविरों में प्रशिक्षण दिया गया। अक्तूबर, 09 में एक मैतई संगठन के वाई के एल की सहायता से तामू, म्यांमार में एक नया प्रशिक्षण शिविर खोला गया है जहां 54 (चौवन) नए काडरों सहित 64 (चौसठ) काडरों ने के वाई के एल के अंतर्गत शस्त्र-प्रशिक्षण प्राप्त किया। रंजन दायमारी की पूछताछ संबंधी वक्तव्य के उद्धरण संलग्न हैं। <u>अनुलग्नक - "ङ"</u>।

अभिसाक्षी यह कहना चाहता है कि रंजन दायमारी से पूछताछ से संबंधित पूरा वक्तव्य संवदेनशील प्रकृति का है अत: अभिसाक्षी, माननीय अधिकरण से यह अनुरोध करता है कि यदि अपेक्षित हो, उसे पूरे मूल वक्तव्य को सीलबंद लिफाफे में माननीय अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए।

यह कि उपर्युक्त प्रतिबंध लगाए जाने के दौरान, एन डी एफ बी ने, सुरक्षा बलों, कानून का पालन करने वाले लोगों पर हमलों, अपहरण, जबरन धनवसूली और सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुँचाने सहित आतंकवादी हिंसा के अपने क्रियाकलापों को बढ़ाकर अपनी अलगाववादी गतिविधियां तथा शासन के खिलाफ युद्ध जारी रखे हुए है। दिनांक 23.11.2008 से 22.11.2010 तक की प्रतिबन्ध की अवधि के दौरान एन डी एफ बी ने कुल 99 व्यक्तियों की

हत्या की और उसके जानलेवा प्रयासों में 146 व्यक्तियों को चोटें आई। वह हिंसा की 323 घटनाओं में शामिल है। उसने फिरौती के लिए 51 व्यक्तियों का अपहरण भी किया।

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx

एन डी एफ बी काडरों ने एक नए सहायक उग्रवादी दल का गठन किया है जो छिपने के सुरक्षित ठिकाने के लिए मिशिंग्स आबादी वाले क्षेत्रों में घुसपैठ बनाने के उद्देश्य से "लिब्रेशन डेमोक्रेटिक कांउसिल ऑफ़ दि मिशिंग" (एल डी सी एम)" नाम से धेमाजी जिले तथा जोरहट जिले के लखीमपुर के एक भाग तथा मजुली के उत्तरी भाग में अपनी गतिविधियां चला रहा है। एल डी सी एम के लगभग 25 काडरों को असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा पर एक अंदरूनी स्थान पर स्थित एन डी एफ बी के शिविर में प्रशिक्षण दिया गया।

रंजन दायमारी की पूछताछ से संबंधित वक्तव्य और अहित स्वरगियारी से अभियान की जानकारी से संबधित वक्तव्य के उद्धरण संलग्न हैं और ये <u>अनुलग्नक - "छ"</u> के रूप में चिन्हित है।

अभिसाक्षी यह कहना चाहता है कि रंजन दायमारी से पूछनाछ से संबंधित पूरा वक्तव्य संवेदनशील प्रकृति का है अत: अभिसाक्षी, माननीय अधिकरण से अनुरोध करता है कि यदि अपेक्षित हो, उसे पूरे मूल वक्तव्य को सीलबंद लिफाफे में माननीय अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए।

यह कि एन डी एफ बी की गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है:

<u>राज्य के अन्य उग्रवादी संगठनों के साथ सांठ-गांठ:</u>

पूर्व में एन डी एफ बी के उल्फा के साथ केवल राजनयिक संबंध थे। परन्तु 2008 से जब एन डी एफ बी बंटवारे के कगार पर था और एन डी एफ बी (आर) का जन्म हो रहा था, नया गुट स्वयं को उल्फा के निकट ले आया। अब घटते जनाधार के संदर्भ में अपने साझा आशय की प्राप्ति के उद्देश्य से दोनो ने प्रचालनात्मक संबंध विकसित कर लिए हैं।

कुछ समय से एन डी एफ बी ने के एल ओ/एन एस सी एन (आई एम)/के वाई के एल/एन एल एफ टी/एन एस सी एन (के)/एच एन एल सी/के पी एफ/यू एन एल एफ/ए एन वी सी/जी एन एल एफ और एल डी सी एम के साथ सांठ-गांठ कर ली है। रंजन दायमारी की पूछताछ से संबंधित वक्तव्य के उद्धरण संलग्न है और उक्त को <u>अनुलग्नक - "ज"</u> के रूप में चिन्हित किया गया है। अभिसाक्षी यह कहना चाहता है कि रंजन दायमारी की पूछताछ से संबंधित पूरा वक्तव्य संवेदनशील प्रकृति का है, अत:

अभिसाक्षी, माननीय अधिकरण से अनुरोध करता है कि यदि अपेक्षित हो, उसे पूरे मूल वक्तव्य को सीलबंद लिफाफे में माननीय अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए।

क) <u>मेघालय में एन डी एफ बी की गतिविधियां</u>

युद्ध विराम की अवधि के बाद एन डी एफ बी ने मेघालय के एक उग्रवादी संगठन एच एन एल सी के साथ नापाक संबंध स्थापित कर लिए। यह एच एन एल सी के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से मेघालय के भीतर अपहरण, विस्फोट, हथियारों के जखीरे की तस्करी आदि की कई घटनाओं में संलिप्त रहा है। इस सांठ-गांठ का गंभीर पहलू यह है कि एच एन एल सी रंजन दायमारी एन डी एफ बी के उन समर्थक काडरों को संभार तंत्र संबंधी सहायता प्रदान कर रहा है जो असम में अपराध करने के पश्चात् मेघालय में प्रवेश कर जाते हैं।

दूसरी ओर मेघालय में पूर्व और पश्चिम गारो हिल्स में मजबूत जड़ें जमाए हुए "लिब्रेशन अचीक इलीट फोर्स (एल ए ई एफ)" नामक एक नवगठित संगठन ने एन डी एफ बी के साथ संबंध स्थापित कर लिए हैं। ये दोनों संगठन समय-समय पर अपहरण के रास्ते जबरन धनवसूली करते हैं। ये दोनों दीमापुर और बंगलादेश से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार से हथियारों की तस्करी में एक दूसरे के सहयोगी बन गए हैं।

उन्होंने शिलांग में एक व्यावसायी के बेटे का अपहरण का असफल प्रयास भी किया। तथापि, मेघालय पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ये अपने प्रयास में विफल रहे। पुलिस उनमें से दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफल रही।

पुलिस अधीक्षक, ईस्ट खासी हिल्स जिला, शिलांग, मेघालय की रिपोर्ट <u>अनुलग्नक - "झ"</u> के रूप में चिन्हित है।

ख) <u>अरुणाचल प्रदेश में एन डी एफ बी की गतिविधियां:</u>

यह नोट करना प्रासंगिक होगा कि एन डी एफ बी (आर) काडर, फिरौती के लिए अपहरण की अनेक घटनाओं में संलिप्त हैं जिससे विशेष रूप से सोनितपुर जिले में इसकी प्रवृति बढ़ती हुई दिखी है। अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती राज्य से 12 मई, 2010 को महाराष्ट्र के आई एफ एस अधिकारी श्री विलास बारडेकर के अपहरण से जुड़े बड़े कांड से उनकी हिम्मत काफी बढ़ी है। अधिकारी को उन्होंने

अपनी हिरासत में अन्तर-राज्य सीमा के वन क्षेत्रों में रखा और ऐसी सूचना है कि फिरौती की एक बड़ी रकम मिलने के बाद संगठन ने उस अधिकारी को रिहा किया।

पुलिस अधीक्षक, उदालगिरी की रिपोर्ट अनुलग्नक - "ञ" के रूप में संलग्न है।

घ) भारत-भूटान सीमा पर एन डी एफ बी की गतिविधियां

(i) इसके अतिरिक्त यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि 18/19 जुलाई/09 की रात्रि में एन डी एफ बी (आर) काडरों में एक समूह (8/9), जो ए के-श्रृंखला के हथियारों से लैस था, ने असम के चिरांग जिले की सीमा के पास के क्षेत्र में स्थित सीमा स्तंभ नं. 198/4 से भूटान के फॉरेस्ट गार्डों से 4 (चार) एस एल आर छीन लिए।

(ii) चिरांग जिले के सिकलाजन में 26 जुलाई, 2010 को सशस्त्र सीमा बल की एक गश्त पार्टी पर हमला करके उन्होंने अपनी आग्नेयास्त्र क्षमता का परिचय दिया और एक सहायक कमांडेंट सहित सशस्त्र सीमा बल के 4 (चार) कार्मिकों को मार दिया तथा 3 (तीन) अन्य को घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक, चिरांग की रिपोर्ट अनुलग्नक - "ट" के रूप में संलग्न है।

यह कि वर्ष 2009 में एन डी एफ बी (आर) के स्वयं-भू अध्यक्ष रंजन दायमारी ने बंगलादेश में स्थित छिपने के ठिकाने में 11 महत्वपूर्ण उच्च पदस्थ काडरों के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद को पुनगर्ठित किया।

दिनांक 18.11.09 को जारी प्रेस विज्ञप्ति में एन डी एफ बी (आर) 29 और 30 अक्तूबर, 2009 को हुई अपनी आम बैठक के संकल्प को अंगीकार किया। बैठक में बोडोलैंड तथा पश्चिम दक्षिण पूर्व एशिया, जो तथाकथित "पूर्वोतर भारत" के समानार्थ है, को स्वतंत्र कराने के लिए जोश और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने और संघर्ष करने का संकल्प और प्रण लिया गया। दिनांक 18.11.09 की प्रेस विज्ञप्ति अनुलग्नक - "ठ" के रूप में संलग्न है।

यह कि बोडोलैंड सेना और राष्ट्रीय परिषद् के शीर्षस्थ पदाधिकारियों के साथ 17.06.10 को हुई एन डी एफ बी (आर) की आम बैठक में आठ (8) सूची संकल्प पारित किया गया। इनमें से अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य एवं योजनागत नीति संबंधी संकल्प यह था कि सरकारी कार्यालयों, पुलों, विद्युत पावरहाउस जैसी सरकारी संपत्तियों, अन्य सरकारी संपत्तियों, शत्रु की संपत्तियों और परिवहन और संचार के साधनों को नष्ट करने का निर्णय लिया गया।

इन निर्णयों के क्रम में इसने विस्फोट करके अपनी क्षमता प्रदर्शित की। हाल में इसने जुलाई, 2010 के पहले सप्ताह में रेल की पटरियों पर बड़ी संख्या में विस्फोट किए। ऐसा ही एक विस्फोट 08 जुलाई, 2010 को कोकराझार जिले में मदाती पुल पर रेल की पटरी पर किया गया जिससे गरीब रथ एक्सप्रेस को क्षति पहुँची और एक बच्चे की मृत्यु हो गई।

विदेशी कूटनीति और विदेशी आधार को सुदृढ़ करने के संबंध में बैठक में किए गए एक अन्य संकल्प के अनुसरण में आम बैठक में एक नई रणनीति बनाई गई कि 5 काडरों सहित प्रतिनिधि के रूप में एस एस लेफ्टिनेंट जी. ओनथॉव को नेपाल देश में संगठन के लिए नया आधार बनाने से संबंधित सर्वेक्षण कार्य के लिए नेपाल भेजा जाए। विभिन्न समाचार पत्रों को ई-मेल के जरिए भेजी गई दिनांक 17.06.10 की एन डी एफ बी (आर) की आम बैठक के संकल्प की प्रति <u>अनुलग्नक - "ड़"</u> के रूप में चिन्हित है।

यह कि एन डी एफ बी के शीर्षस्थ पदाधिकारियों ने अपनी तथाकथित वैध मांग को पूरा करने के लिए भारत संघ से संघर्ष के लिए एन डी एफ बी की सहायता हेतु बंगलादेश और चीन की सरकारों से संपर्क करने का विचार कर रखा है।

दैनिक बटोरी के दिनांक 04.10.09 के संस्करण की कतरन <u>अनुलग्नक - "ढ"</u> के रूप में संलग्न है।

तथापि, सुरक्षा बलों और आसूचना एजेंसियों के लगातार प्रयासों से एन डी एफ बी (आर) के मुखिया रंजन दायमारी को राज्य पुलिस ने 1 मई, 2010 को गिरफ्तार कर लिया। तब से उससे असम की सभी हिंसक गतिविधियों में उसकी भूमिका के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। उसे 30 अक्तूबर, 2008 को सी बी आई द्वारा श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोटों के मामले में तथा राज्य पुलिस द्वारा, पुलिस चौकी सहित असम में अन्य विध्वसंक/ आपराधिक कृत्यों से संबंधित अनेक मामलों में गिरफ्तार किया गया था।

एन डी एफ बी के मुखिया रंजन दायमारी की गिरफ्तारी के पश्चात् एन डी एफ बी नेतृत्व को जबर्दस्त धक्का लगा है। तथापि आसूचना इन्पुट्स से स्पष्ट होता है कि शेष रहा नेतृत्व घोर निराशा की स्थिति में फील्ड काडरों के टूटते मनोबल को ऊंचा करने के लिए उन्हें राज्य के विभिन्न भागों को जहां तक संभव हो सके अधिकाधिक आई ई डी विस्फोट करने की ओर प्रेरित कर रहा है। तदनुसार 1 मई, 2010 को रंजन दायमारी की गिरफ्तारी के पश्चात एन डी एफ बी ने हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया है जिनमें मासूम जानें गई हैं। अत्यधिक विश्वसनीय आसूचना से यह भी स्पष्ट होता है कि बंगलादेश/म्यांमार आधारित एन डी एफ बी (आर) के अनेक महत्वपूर्ण काडर अर्थात् दानस्वारांग, संगबीजीत, बिदेई, लैफेंग, नेसौंग आदि

जबरन धनवसूली और फिरौती के लिए अपहरण सहित और अधिक आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने का प्रयास कर रहे हैं।

संगठन का आक्रामक रूख, एन डी एफ बी के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ बी. ज्वांगखांग ऊर्फ जार्ज बोडो ऊर्फ जॉन द्वारा दिए गए 01.11.2010 के ई-मेल वक्तव्य से उजागर होता है जिसमें उसने भारत सरकार और असम सरकार को धमकी दी है कि यदि भारतीय सेना एक भी बोडो व्यक्ति अथवा एन डी एफ बी काडर को मारती है तो एन डी एफ बी बीस अथवा उससे भी अधिक भारतीयों को मौत के घाट उतार देगा।

इस वक्तव्य के क्रम में 8 नवम्बर, 2010 को सोनितपुर जिले में सुरक्षा बल (अंग्रेजी में संक्षिप्त रूप से "एस एफ") से हुई मुठभेड़ में मारे गए एक एन डी एफ बी (आर) काडर की मृत्यु की आड़ में एन डी एफ बी ने 8 और 9 नवम्बर, 2010 को सोनितपुर, उदलगिरी, बक्सा, चिरांग, कोकराझार और कार्बी-आंगलांग जिलों में बड़े पैमाने पर हिंसा की जिनमें 9 घटनाओं में 12 (बारह) हिन्दी-भाषी लोग सहित 22 (बाईस) मासूम लोग मारे गए और 13 व्यक्ति घायल हो गए।

समाचार पत्र में प्रकाशित बी. ज्वांगखांग उर्फ जार्ज बोडो उर्फ जॉर्ज के ई-मेल वक्तव्य की प्रति **अनुलग्नक - "ण"** के रूप में संलग्न है।

यह कि हिंसक घटनाओं, जिनमें एन डी एफ बी (आर) संलिप्त रहा है, के आंकड़े **अनुलग्नक - "ढ"** में उल्लिखित हैं।"

7. अपने साक्ष्य में एस डब्ल्यू-14 के रूप में संदर्भित, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 384 के अंतर्गत एस ओ यू पुलिस थाने के मामला सं. 2/98 के संबंध में गिरफ्तार किए गए गॉव ओदलकाहीबारी के स्व. स्टीफन दायमारी के पुत्र रंजन दायमारी उर्फ डी. आर. नबिया के विस्फोटक भाषण के उद्धरण को भी नोट किया जाना आवश्यक है। पुलिस द्वारा अपनी गिरफ्तारी के पश्चात् अपनी पूछताछ के दौरान अपने बयान में उसने जो दावा किया वह निम्नलिखित है:-

"बंगलादेश में शिविर और छिपने के ठिकाने:

1. **बोहोलसोरी शिविर:-** यह चिट्टागौंग पर्वतीय क्षेत्र के अंतर्गत खगरासारी जिले में है। खगरासारी से दीघीनाला होकर बगईहाट जाने में वाहन से लगभग एक घंटे का समय लगता है। बगईहाट बाजार से बरसात के दिनों में पावरबोट (बहाव के विरुद्ध) द्वारा पूर्वोत्तर की तरफ बढ़ने में लगभग 4/5 घंटे तथा जाड़े

के मौसम में पावरबोट द्वारा लगभग 6/7 घंटे का समय लगता है। नदी का नाम बोलसोरी है। नौका जिस स्थान पर पहुंचती है उसे हम "बोट कमांड" कहते हैं। हमने एक पावरबोट रखा हुआ है। 3/4 एन डी एफ बी काडर वहां मौजूद रहते हैं। बोट कमांड से लगा हमारा एक कृषि फार्म है जहां हमारे काडर अपनी इस्तेमाल के लिए हरी सब्जियां लगाते हैं। बोट कमांड से नीचे की ओर बोहोलसोरी बाजार है जहां लगभग 4/5 दुकानें हैं। पॉवरबोट द्वारा बोहोलसोरी बाजार से बोट कमांड जाने में लगभग 1.5/2 घंटा लगता है। बोहोलसोरी बाजार से लगे त्रिपुरी और चकमा गांव हैं। पहले इस शिविर को "थाम थीम कैम्प" अर्थात् तैयारी शिविर कहा जाता था।

बोट कमांड से लगभग 20 मिनिट पश्चिम दिशा की ओर पैदल चलने पर एच एन एल सी का शिविर स्थित है। वहां 303 राइफलें/एस एल आर के साथ लगभग 6/8 एच एन एल सी काडर हैं।

एच एन एल सी शिविर से पश्चिम की ओर लगभग 20/25 मिनिट पैदल चलने पर हमारा एन डी एफ बी (ए टी) शिविर है। इस शिविर को अब परिषद् मुख्यालय शिविर के नाम से जाना जाता है।

<u>शिविर में रहने वाले:- (30.4.2010 की स्थिति के अनुसार)</u>

1. एस एस सेकेंड एल टी बी. थुलुंगा (28/30) उर्फ थुंगरी बोडो, बक्सा जिला शिविर कमांडर
2. बोंगलगांव के पास के एस एस एल टी बी. फवारदन (32)
3. बक्सा/नलबारी जिले के एस एस एल टी बी. ओखरी (31)
4. पत्नी और पुत्र सहित बारपेला रोड, गांव खगराबारी के एस एस कैप्टन जी रफीखांग (33) उर्फ राजेश गोरारी - वित्त सचिव
5. कोकराझार जिले के रूनीखाता क्षेत्र का एन. दिनश्रिगा (32) - महासचिव
6. सिला बालीगांव, पुलिस थाना सिलापत्थर, धेमाजी के बी. ओंजालु (31) 2 अभिराम बासुमतारी - सूचना एवं प्रचार सचिव
7. बोरोबोरी पुलिस थाना क्षेत्र (बरामा) बक्सा जिले का पी टी ई बी. बीठोराय (26) - महिला काडरों में सबसे वरिष्ठ - कोकराझार जिले की एस एस सार्जेंट बी. जारंग (28)
8. चिरांग जिले का बी एस एम बी. ओखा हददी (29)
9. और 6/8 महिला काडरों सहित 60 अन्य लोग हैं जिनके नाम नहीं मालूम हैं।

<u>हथियारों का विवरण:</u>

ए के 56 राइफल	-	12
अर्द्ध स्वचालित राइफल	-	3
स्निपर राइफल	-	1
9 मि मी पिस्तौल	-	1
विस्फोटक	-	शून्य
जेनरेटर	-	1
एच एफ सेट	-	1
आर टी सेट	-	4/5
मोबाइल फोन	-	लगभग 10 (एयर सेल, ग्रामीण और बांग्लालिंक)
लकड़ी की पावरबोट	-	1
पोर्टेबल टी वी	-	1

क्रम सं. 4, 5 और 6 पर उल्लिखित व्यक्ति खगरासारी शहर के निकट खगरापुर में एक किराए के मकान में भी रह रहे हैं।

<u>खगरासारी शहर के पास खगरापुर में छिपने का ठिकाना:-</u>

एन सी सदस्य जी रफीखांग, अपनी पत्नी और बेटे के साथ तथा डी. दिनथ्रिगा और बी. ओंजालु किराए के मकान में शरण लिए हुए हैं। वे मुख्य शिविर में भी रहते हैं।

<u>मणिकुरा, पुलिस थाना-हलोवाघाट में ट्रांजिट शिविर:-</u>

मणिकुरा ट्रांजिट, भारत-बंगला सीमा से लगभग 5/6 कि.मी. की दूरी पर है। मेरे अनुदेश पर शरण लेने तथा हथियार और गोलाबारुद को जमा करने के लिए एस एस एल टी बी. सतबंग्सा उर्फ सुशील ब्रोंग उर्फ सुशील बोडो ने 1997 में अपने ससुर प्रबीन ब्रोंग के नाम से 1 लाख 40 हजार टका में आई. एस. बीघा जमीन खरीदी थी। सुशील ने वहां असम की तरह का मकान बनवाया है। हमने उसे 2004 तक ट्रांजिट शिविर के रूप में इस्तेमाल किया था। अब वहां सुशील की पत्नी काजोल ब्रोंग और उनकी बेटी रह रही है। 2004 में सुशील गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया था। दिसम्बर/04 में अर्थात 6/7 माह के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। उसकी गिरफ्तारी के बाद हमने उस मकान का इस्तेमाल नहीं किया।

जिंगयाली पुलिस थाना, जिला शेरपुर के अंतर्गत नोक्सी-हलचाटी शरण-स्थल:-

हमारे काडर नोक्सी और हलचाटी गांव में शरण लेते हैं जो भारत-बंगलादेश सीमा से लगे हुए हैं। दोनों गांवों में होजोंग और कोच लोगों की आबादी है। वहां दो एन डी एफ बी काडर रहते हैं ताकि वे भारत-बंगलादेश सीमा को पार करने में हमारे काडरों की सहायता कर सकें।

खगरासारी शहर के निकट खगरापुर में शरण-स्थल एवं ट्रांजिट शिविर:

हमारे एन. सी. नेता अर्थात् परिवार सहित जी. फिफीखांग, एन. दिंथ्रिगा (महासचिव), बी. औंजालु (सूचना एवं प्रचार सचिव) त्रिपुरी लोगों के किराए के मकान में शरण लेते हैं।

वेस्ट कफरूल, ढाका सिटी स्थित एन डी एफ बी (ए टी) कार्यालय एवं ट्रांजिट शिविर:

एन सी सदस्य एन. जनसरंग (गोसांईगांव क्षेत्र का) वर्ष 2008 से एन डी एफ बी लेखापाल एन. अंजाद (बोंगईगांव के निकट का) के साथ इस कार्यालय का प्रभारी है।

इससे पूर्व हमारा कार्यालय सियरोपारा, ढाका में था। काफरूल स्थित हमारा कार्यालय 6 तल वाले भवन के सबसे ऊपर के तल पर स्थित है।

मेरा किराए का शरण-स्थल:

5 तल वाले भवन के
5वें तल पर फ्लैट है।
मकान नं. 35, रोड नं. 13,
सेक्टर-13, उत्तरा, ढाका सिटी,
मालिक मि. और मिसेज खान

2004 के मध्य से अपनी गिरफ्तारी की तारीख (30.4.2010) तक मैं अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ एक किराए के एक फ्लैट में रहता था। इसका किराया 15,000 टका प्रति माह था।

मैं प्रत्येक एक या दो वर्ष पर अपना आवास बदल लेता था। वर्ष 1993 से 2003 तक मैं किराए के मकानों में अपने परिवार के साथ ढाका सिटी के भीतर के क्षेत्रों अर्थात् शाहजंहापुर, बेली रोड, सिद्धेश्वरी अपार्टमेंट, बंगला मोटर्स, डी एच ओ एस महाकाली एरिया में रहा।

एन डी एफ बी (ए टी) शिविर के निकट बोहोलसोरी क्षेत्र में अन्य आतंकवादी संगठनों के शिविर हैं।

<u>एन एस सी एन (आई एम) शिविर:-</u>

बगईहाट बाजार से पावरबोट द्वारा बरसात के दिनों में बोहोलसोरी नदी से लगभग 2 से 2.5 घंटे का समय लगता है। बोहोलसोरी नदी से पश्चिम की ओर लगभग 1 घंटा पैदल चलने पर एन एस सी एन (आई एम) शिविर है।

एन एस सी एन (आई एम) शिविर में लगभग 30/35 काडर हैं। वर्ष 2002 में बंगलादेश सेना ने एन एस सी एन (आई एम) शिविर पर छापा मारा था। एन एस सी एन (आई एम) अपने आने-जाने के लिए नदी में नौका भी रखते हैं। मैं उस शिविर में कभी भी नहीं गया।

एन एस सी एन (आई एम) शिविर से पावरबोट द्वारा लगभग 1 घंटे में बोहोलसोरी शिविर पहुंचा जा सकता है।

<u>एच एन एल सी शिविर:-</u>

बोहोलसोरी बाजार से हमारे बोट कमांड पहुंचने में नौका (बहाव के विपरीत) द्वारा लगभग 1 घंटा लगता है। वहां से लगभग 20 मिनट पैदल चलने पर एच एन एल सी शिविर है (नदी तट से पश्चिम में)। वहां 303 राइफलें और एस एल आर के साथ एच एन एल सी के लगभग 6/8 काडर मौजूद हैं।

<u>के वाई के एल शिविर:</u>

एन डी एफ बी (ए टी) बोट कमांड से उत्तर की ओर पावरबोट से लगभग 1.5/2 घंटे की यात्रा के बाद के वाई के एल शिविर आता है। नदी के किनारे से लगभग 45/50 मिनट चलने पर पश्चिमी के वाई के एल शिविर स्थित है। यहां के वाई के एल के लगभग 30/35 काडर मौजूद हैं। उन्होंने 2006 में यह शिविर स्थापित किया था। उसी वर्ष मैं उस शिविर में गया था। मुझे उनके हथियारों की मात्रा और शिविर में रहने वाले नेताओं के बारे में जानकारी नहीं है। वे नदी तट पर नौका भी रखते हैं।

<u>एन एल एफ टी मुख्यालय शिविर:</u>

के वाई के एल शिविर से लगभग 30 मिनट पैदल चलने पर एन एल एफ टी शिविर है। मैं जनवरी, 06 में उस शिविर में गया था। यह शिविर के वाई के एल शिविर के उत्तर में है। इस शिविर में 150 से अधिक सशस्त्र काडर मौजूद हैं। मुख्यालय शिविर के पास रक्षा चौकियां और अन्य छोटे शिविर हो सकते हैं। इस शिविर से लगभग 2 दिन पैदल चलने पर त्रिपुरा सीमा (भारत-बंगलादेश सीमा) पहुंचा जा सकता है। मेरी यात्रा के दौरान शिविर में एन एल एफ टी का अध्यक्ष बाइथांग देव बर्मा मौजूद था।

पहले सभी शिविर आर टी सेट के जरिए एक दूसरे के संपर्क में रहते थे। हमारी कोई भी साझा रक्षा चौकी नहीं है। यह उल्लेख किया जाता है कि बगईघाट बाजार के निकट बंगलादेश सेना का शिविर है। जहां तक मेरी जानकारी है खगरासारी क्षेत्र में उल्फा का कोई शिविर नहीं है।

<u>प्रशिक्षणर्थियों का अन्तिम बैच:</u>

जनवरी/फरवरी, 2010 में खगरासारी, बंगलादेश में बोहोलसारी शिविर में 38 काडरों को प्रशिक्षण दिया गया जिनमें से 10/12 काडर जबरन धनवसूली और विध्वसंक गतिविधियों के लिए पहले ही असम भेजे जा चुके हैं।

फरवरी/मार्च, 2010 में उप काडरों को म्यांमार में प्रशिक्षण दिया गया।

हम उन्हें भारत संघ के खिलाफ़ युद्ध के लिए परिष्कृत हथियार रखने और चलाने, भारी विस्फोटकों को बनाने और विस्फोट करने तथा गुरिल्ला युद्ध कौशल में पहले ही प्रशिक्षण दे चुके हैं।

वर्ष 1993 में मैं बंगलादेश गया था और मुख्यत: ढाका सिटी में किराए के मकान में रहने की व्यवस्था की थी। मेरे अनुमोदन और निर्णय से हमारे नेता और काडर बंगलादेश के विभिन्न जगहों पर ट्रांजिट शिविर, छिपने के ठिकाने बनाते हैं तथा हथियार और गोलाबारूद को रखने तथा उसे लाने-जे जाने के लिए थांसी, अली कदम आदि में ट्रांजिट शिविर स्थापित किए हैं। वर्ष 1997 में बोहोलसोरी के निकट खगरासारी में एन डी एफ बी के शिविर स्थापित किए गए थे।

वर्ष 2002 में हमने अपने काडरों को हथियारों में और गुरिल्ला प्रशिक्षण देना शुरू किया था।

उदाहरण के तौर पर - 2002 में - 30/32 काडरों का एक बैच

2005 में - 30/35 काडरों का एक बैच

2007 में - 30/35 काडरों का एक बैच

सामान्यत: असम से नए काडरों को नोक्सी सीमा से लगे मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले से होकर चोरी-छिपे एक समय में 2/3 कॉडरों के बैच में लाया जाता था।

ढाका स्थित पाक दूतावास में नियुक्त आई एस आई अधिकारी जॉन के माध्यम से मैंने अपने चुनिंदा नेताओं के दो बैच भेजे जिनमें 1996 में-5 काडर तथा 1998 में -11 काडर शामिल थे जिनको आई एस आई के अधीन पाक अधिकृत कश्मीर क्षेत्र में उच्च विस्फोटक तैयार किए जाने और विस्फोट करने सहित आधुनिक शस्त्रों के बारे में, गुरिल्ला प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षित काडरों में से एस एस मेजर बी. अलोंगबार, एस एस एल टी बी. रोमेश (मृतक) तथा एस एस कैप्टन डी. जाबरांग (मृतक)

ने पाकिस्तान से वापिस आकर 2003 तक भूटान के शिविरों में हमारे चुनिन्दा कॉडरों को ध्वस्त करने का उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया।

उदालगिरि, बोरबोरी तथा सेरफांगुड़ी में हमारे तीन निर्धारित शिविरों में भारत सरकार द्वारा अभियान निलंबन की घोषणा के पश्चात् हमारे वरिष्ठ काडरों ने 2007 तथा 2008 में 5/6 बैचों में नए भर्ती किए गए लगभग 600/700 पुरुष काडरों को प्रशिक्षण प्रदान किया था।

15/12/08 को एन डी एफ बी के विभाजन के बाद हमने निम्नलिखित बैचों को प्रशिक्षण दिया है-

(क) फरवरी-मार्च/10 में म्यांमार एन डी एफ बी (ए टी) शिविर में - 41 काडर

35वां बैच - <u>अनुदेशक</u>

(1) एस एस सार्जेन्ट मेजर बी. मेसन, संगठन सचिव, एन डी एफ बी (ए टी।)

(2) एस एस एल टी बी. जोंगखांग उर्फ जॉन उर्फ जॉर्ज बासुमतारी उप सेना प्रमुख।

(3) के वाई के एल के तीन अनुदेशकों ने 50 दिन का प्रशिक्षण दिया।

(ख) जनवरी-फरवरी/10 में बोहोलसोरी (खगरासारी जिला) में 38 काडर।

34वां बैच - <u>अनुदेशक</u>

(1) एस एस सार्जेन्ट मेजर बी. स्ग्रीड, मुख्य प्रशिक्षण अनुदेशक।

(2) और 4/5 अन्य (नाम याद नहीं) ने 50 दिन का प्रशिक्षण दिया।

वर्ष 1989 से 2010 तक हमने उसी उद्देश्य से बीडी एसएफ, एन डी एफ बी, एन डी एफ बी (सी एफ) और एन डी एफ बी (ए टी) कॉडरों के कुल 35 बैचों में अपने काडरों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

<u>एन डी एफ बी का विभाजन तथा एन डी एफ बी (आर) का पुनर्गठन</u>

15.12.2008 को अध्यक्ष पद से मुझे हटाए जाने के बाद, मैंने एस एस एल टी आई. के. संगबिजित उप कमांडर तीसरी बटालियन से फोन पर संपर्क किया और उसे कहा कि हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे इसलिए उसे सोनितपुर जिले में हमारे काडरों को संगठित रखना चाहिए तथा एन डी एफ बी युद्ध-विराम दल के काडरों का स्वागत करना चाहिए जो हमारे दल में शामिल होना चाह रहे थे। वह सोनितपुर जिले में शरण लिए हुए था। मैंने उससे फोन पर बात की। उस समय उसके अधीन लगभग 30/32 काडर थे।

13/1/2009 को अर्थात् एन डी एफ बी सी/एफ ग्रुप से मेरे निष्कासन के बाद मैंने तीसरी बटालियन के कमांडर एस एस एल टी डी. रजाब उर्फ रजाब डेका को उनकी गुर्दे की पथरी के इलाज के लिए गुवाहाटी भेजा तथा कोकराझार, बोंगईगांव जिले में अपने काडरों को संगठित किया। वह गुवाहाटी आया अपना इलाज कराया तथा बोंगईगांव और कोकराझार जिले का चला गया और उसने 5/6 ऐ के राइफ़ल्स तथा 7/8 पिस्तौलों के साथ एन डी एफ बी के 70 काडरों को एकजुट किया। इन 70 कॉडरों को

बेंग्टोल क्षेत्र के एस एस एल टी. बी. एन्थाओ द्वारा कमांड दी जाती थी। ये काडर बेंग्टोल के उत्तरी भाग में बोडो लोगों के घरों में शरण लिए हुए थे।

मेरे निदेश के अनुसार कमांडर डी. रजाब तथा उप कमांडर आई. के. संगबिजित दोनों ने एन डी एफ बी (ए टी) के बेस को सुदृढ़ बनाया था।

15 दिसम्बर, 2008 को एन डी एफ बी का दो गुटों में विभाजन हो गया अर्थात् एन डी एफ बी (सी/एफ ग्रुप) तथा एन डी एफ बी (ए टी)।

<u>म्यांमार में शिविर की स्थापना</u>

जनवरी/09 में मैं के वाई के एल के गृह सचिव (नाम याद नहीं) से लेखाकार एन. दानसारंग के साथ ढाका में एक होटल में मिला था। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि वे एन डी एफ बी की सहायता करेंगे और के वाई के एल बटालियन मुख्यालय शिविर से सटे म्यांमार में एक शरण स्थली सह प्रशिक्षण शिविर की स्थापना करेंगे। फोन पर चर्चा के दौरान मैंने के वाई के एल के महासचिव एन. ओकेन से बात की जो अस्थायी रूप से काठमांडु में शरण लिए हुए था। इस बात की पुन: पुष्टि करने पर कि के वाई के एल हमारी मदद करेगा, दोनों ने हमें बताया, कि मानसून से पूर्व हम अपने काडरों को तैनात कर देंगे।

तत्पश्चात् हमारे वर्तमान नेताओं के साथ चर्चा करने के उपरान्त के वाई के एल द्वारा कार्बी आंगलोंग के संगठन सचिव एन. नाइसन तथा दो तीन अन्य काडरों को म्यामांर शिविर में भेजने का निर्णय लिया गया। सितम्बर/09 में के वाई के एल कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में नाइसन 2/3 काडरों के साथ नागालैण्ड के मोन जिले के रास्ते के वाई के एल शिविर में गया। मोन जिले से यह लगभग 10 से 15 दिनों का पैदल का रास्ता है। उन्होंने शिविर स्थल का चयन किया और निर्माण शुरू करके मुझे सूचित किया। अक्तूबर/09 से जनवरी/10 तक सोनितपुर, दर्रांग, नलबारी और बारपेटा जिले से 54 नए काडरों सहित कुल 64 काडरों की भर्ती की गई। नाइसन सेटेलाइट फोन का प्रयोग करता था और शिविर से मुझसे बात करता था। सेना के मुखिया आई के संगबिजित ने नाइसन को चलते समय 5 लाख रुपये दिये थे और बाद में दिसम्बर/09 में शिविर में उनके रख-रखाव के लिए 10 लाख रुपये भेजे थे।

मार्च/10 में के वाई के एल ने शिविर में नि:शुल्क 3 ए के-56 राइफलें (पुरानी) दी थीं। जनवरी/10 के अन्तिम सप्ताह में एल टी बी. जिंगखांग शिविर में चला गया। नाइसन और जिनखांग दोनों अभी भी वहां शिविर चला रहे हैं। अप्रैल/10 में उन्होंने के वाई के एल से 9 लाख रुपये लागत वाली दो मैग्जीनों और 36 राउन्ड गोलाबारूद सहित 6 ए के-56 राइफलें खरीदी थीं।

<u>लिबरल डेमोक्रेटिक काउंसिल ऑफ मिसिंग लैण्ड (एल डी सी एम) के साथ संबंध</u>

इस गुट के बारे में मुझे ब्यौरे की जानकारी नहीं है। सितम्बर/अक्तूबर 2009 में एस एस कैप्टन डी. रिफिखांग, जो खगरासारी क्षेत्र से एन डी एफ बी (ए टी) का वित्त सचिव है, ने मुझे फोन पर सूचना दी (जब मैं ढाका में था) कि एल डी सी एम के काडरों का एक समूह एन डी एफ बी के अधीन प्रशिक्षण

प्राप्त करने के लिए बोडोलैण्ड सेना के मुखिया आई. के. संगबिजित के पास पुहुंच गया है। संगबिजित नवम्बर/दिसम्बर 2009 में एल डी सी एम ग्रुप को शस्त्रों से संबंधित तथा गुरिल्ला प्रशिक्षण प्रदान करेगा। मैंने रिफिखांग को बताया था कि उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि बाद में वे धन एकत्र करके भाग जाएंगे। लेकिन बाद में मुझे पता चला कि संगबिजित ने नवम्बर/दिसम्बर 2009 में असम सीमा के निकट अरुणाचल प्रदेश तथा विश्वनाथ चेरियाली के उत्तरी तरफ कहीं प्रशिक्षण प्रदान किया है। एल डी सी एम गुट धेमाजी जिले के मिसिंग बाधित क्षेत्र से है।

<u>माओवादियों के साथ संबंध:</u>

माओवादियों के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है। वे प्रशिक्षण अथवा शस्त्रों के लिए कभी हमारे पास नहीं आए। हमारी तरफ से हमने माओवादियों से सम्पर्क करने का कभी प्रयास नहीं किया है।

<u>कोकराझार तथा बोंगईगांव जिले में मुसलमानों के साथ संघर्ष</u>

1993 से तत्कालीन कोकराझार जिले के अंतर्गत आम्टेका क्षेत्र में बोडो एवं मुस्लिम समुदायों के बीच साम्प्रदायिक भावना पनपी और साम्प्रदायिक संघर्ष का रूप ले लिया। तत्कालीन उप कमांडर एस एस मेजर डी. जफ्रांग उर्फ देबोजीत डोलमान तथा शस्त्रों से लैस उनके ग्रुप ने उस क्षेत्र के मुस्लिम लोगों पर हमला कर दिया, उनके घर जला दिए और मुस्लिम लोगों की हत्या कर दी। बाद में महासचिव गोबिन्दा बासुमातारी और वित्त सचिव नीलेश्वर बासुमातारी ने बी डी एस एफ उप कमांडर के अभियानों को मंजूरी दी दी थी।

पुन: जुलाई/94 में महासचिव गोबिन्दा बासुमातारी तथा वित्त सचिव नीलेश्वर बासुमातारी के आदेशानुसार, कमांडर एस एस द्वितीय एल टी बी. गाओखूब उर्फ बानेश्वर बासुमातारी (मृतक) और उसके हथियारबंद ग्रुप ने बारपेटा जिले में सालबारी क्षेत्र के मुस्लिमों पर हमला कर दिया, उनके घरों में आग लगा दी तथा लगभग 200 मुस्लिम लोगों को मौत के घाट उतार दिया।

<u>समान विचारधारा वाले गुट के साथ संबंध:</u>

एन डी एफ बी के निम्नलिखित समरूचि गुटों के साथ संबंध हैं। 1987 में स्वयं मैंने विदेशी मामलों का अध्यक्ष सह प्रभारी होने के नाते एन एस सी एन (आई एम) के साथ तथा 1993 के बाद अर्थात् बंगलादेश में अपना आधार बनाने के बाद शेष गुटों के साथ निकट संबंध कायम किए।

<u>डी एच डी:</u>

जून/जुलाई 1997 में दिलीप नुनीसा, डी एच डी के उपाध्यक्ष दिमासा छात्र संघ के उपाध्यक्ष तथा उसी छात्र संघ के एक कार्यकारी सदस्य के साथ एक बोडो छात्र, जो सिल्चर विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की पढ़ाई करता है, के मार्गदर्शन में सारभोग क्षेत्र के उत्तर की तरफ हमारे अस्थायी शिविर में गए, जहां मैं उपाध्यक्ष धीरेन बोडो और महासचिव गोबिन्दा बासुमातारी एक साथ उपस्थित थे। दिलीप नुनीसा ने हमें बताया कि डी एच डी के एन एस सी एन (आई एम) के साथ गहन संबंध हैं। दोनों ने डी एच डी क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया, बहुत बड़ी धन राशि जबरन वसूल की लेकिन डी एच डी को

उनके हिस्से से वंचित कर दिया गया। इन दोनों गुटों के बीच सम्बन्ध बिगड़ गए। अत: डी एच डी, एन एस सी एन (आई एम) के चंगुल से बाहर आना चाहता था जिसने युद्ध-विराम किया हुआ था। उन्होंने अपने काडरों को प्रशिक्षित करने तथा उनकी ओर से एन एस सी एन (आई एम) के शीर्ष नेताओं को उनके हिस्से का भुगतान करके डी एच डी से अलग होने का अनुरोध करने के लिए हमारी सहायता मांगी। चूंकि एन डी एफ बी 7 एन सी एन (आई एम) उसी मंच से कार्य कर रहे थे इसलिए उनके पक्ष में एन एस सी एन (आई एम) से अनुरोध करना हमारे लिए गलत होता। तथापि, मैंने उनको एन एस सी एन (आई एम) से धीरे-धीरे अलग होने और अपने स्वयं के शिविर स्थापित करने तथा स्वतंत्र रूप से कार्य करने की सलाह दी। मैंने उनसे अपने काडरों को भूटान में हमारे शिविर में भेजने के लिए कहा और यह कहा कि हम उन्हें प्रशिक्षण देंगे। वे वापिस चले गए।

मार्च/अप्रैल 1998 में 11 डी एच डी काडरों का एक समूह भूटान में नामलांग शिविर में आया। हमने प्रशिक्षुओं के हमारे 13 वें बैच के साथ उन्हें लगभग 50 दिन का प्रशिक्षण दिया।

1999 के मध्य में एक पी एल ए कार्यकर्ता के मार्गदर्शन से दिलीप नुनीसा ढाका गया और प्रचालन गतिविधियों में सहायता करने हेतु मुझसे सशस्त्र एन डी एफ बी काडरों की एक टुकड़ी भेजने का अनुरोध किया। उसने मुझसे उनके प्रचालन क्षेत्र एन सी हिल्स आदि में लगभग 30 एन डी एफ बी काडर भेजने का अनुरोध किया। तदनुसार मेरे आदेश के अनुसार एन डी एफ बी आर्मी चीफ चाबिन बोडो ने वर्ष 2000 तक एस एस द्वितीय एल टी बी. नेरखांग तथा एस एस सार्जेन्ट मेजर बी. उदला (दोनों मृतक) के नियंत्रण में 12/15 प्रशिक्षित सशस्त्र काडरों का एक दल डी एच डी के साथ मिलकर कार्य करने के लिए एन सी हिल्स में भेजा। हमारा संगठन डी एच डी के युद्ध-विराम तक अर्थात् 1.1.2003 तक डी एच डी संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाता था, जबरन धन वसूली करता था, फिरौती के लिए लोगों का अपहरण करता था। हमारे संगठन एकत्र की हुई जबरन धन वसूली की धनराशि से धन प्राप्त करते थे और उसे दीमापुर में ठहरे हमारे नेताओं के माध्यम से भेजते थे।

सितम्बर/अक्तूबर 2002 में डी एच डी अध्यक्ष जोएल गारलोसा ने अपने उप कमान्डर-इन-चीफ को भेजा तथा विदेशी मामलों का प्रभारी कोई बीरेन मुझसे उतारा, ढाका में मिला और एन सी हिल्स जिले में दीमासा और हमारे समुदाय के बीच चल रहे संघर्ष को देखते हुए मुझसे 25,000 ए एम एन सहित 25 ए के राइफलों की आपूर्ति करने का अनुरोध किया। मैंने साम्प्रदायिक संघर्षों में इनका प्रयोग करने के लिए उन्हें शस्त्र एवं गोलाबारूद मुहैया कराने से इन्कार कर दिया। इसके बाद डी एच डी और एन डी एफ बी के बीच संबंध खराब हो गए और हमारे भेजे गए काडरों ने एन सी हिल्स छोड़ दिया तथा वे कार्बी आंगलोंग चले गए। वहां पर वे के एल एन एल एफ के साथ मिल गए और के एल एन एल एफ के आत्मसमर्पण तक जबरन धन वसूली आदि में लगे रहे। इस अवधि के दौरान हमारे एन डी एफ बी गुट ने युवाओं बोडो और कार्बी दोनों की एन डी एफ बी में भर्ती की। एक पक्षीय युद्ध-विराम की घोषणा के बाद भी एन डी एफ बी काडर वहां बने रहे। दिसम्बर, 2008 में विभाजन के पश्चात् एन डी एफ बी काडर एन डी एफ बी (ए टी) की कमान में आ गए। अब वे एन डी एफ बी काडर एस एस द्वितीय एल टी बी. आओजार कमांडर एन डी एफ बी (ए टी) की दक्षिणी कमान के अधीन हैं।

डी एच डी के युद्ध-विराम (1/1/2003) के बाद धीरे-धीरे डी एच डी (सी एफ) तथा डी एच डी (ए टी) के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो गया और हमलों तथा जवाबी हमलों की घटनाएं हुईं। बाद में डी एच सी के वार्ता विरोधी गुट ने जोएल गारलोसा की अध्यक्षता में डी एच डी (जे) बनाया।

वर्ष 2008 के मध्य से विदेश सचिव डी एच डी फ्रांकी ने फोन पर हमारे काडरों के माध्यम से मुझे सन्देश भेजे। वह अपने सुरक्षित आश्रय के लिए हमारी सहायता चाहता था। 2009 में (संभवत: फरवरी में) जोएल गारलोसा ने डी एच डी (जे) काडरों को बंगलादेश में शरण देने के लिए मुझे अनुरोध करते हुए एक ई-मेल सन्देश भेजा और कहा कि वह मुझसे मिलने के लिए ढाका में अपने प्रतिनिधि को भेजेगा। ई-मेल संदेश के जरिए उत्तर में मैंने उसके प्रस्ताव का स्वागत किया और अपना प्रतिनिधि भेजने हेतु उसका कहा। मार्च/09 में डी एच डी (जे) का विदेश सचिव फ्रांकी ढाका गया। हमने मामले पर चर्चा की और लगभग 30 काडरों को बंगलादेश भेजने के संबंध में सहमति हुई। फ्रांकी लौट गया और उसकी मृत्यु हो गई। डी एच डी (जे) अपने काडरों को बंगलादेश में नहीं भेज सका क्योंकि जोएल गारलोसा गिरफ्तार हो गया था। मैं एन.सी. हिल्स में हमारे आधार, शरण और परिचालन क्षेत्र के विस्तार की उम्मीद के बारे में सहमत था।

<u>एन एस सी एन (आई एम) के साथ संबंध:-</u>

मैं 1987 में डॉ. मेरगा के साथ म्यांमार में स्थित एन एस सी एन के ठिकाने पर गया तथा मैंने अध्यक्ष ईस्साक सिसि स्यू तथा अन्य लोगों से बातचीत की। उन्होंने हमें हमारे काडरों को शस्त्र और गुरिल्ला प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया, वे शस्त्र और गोलाबारूद की आपूर्ति करते हैं तथा धन इकट्ठा करने के लिए संयुक्त अभियान चलाते हैं।

वर्ष 1988 के अंत में एन एस सी एन (आई एम) के नेता और अनुदेशक गुरंगजुली शिविर में आए तथा उन्होंने 26/10/89 से हमारे 33 काडरों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

वर्ष 1990-91 के दौरान बी डी एस एफ तथा एन एस सी एन (आई एम) दोनों के काडरों ने संयुक्त अभियान चलाए। उन्होंने एस बी आई की रंगापाड़ा शाखा तथा एस बी आई की इटानगर शाखा में लूट की तथा लूटी गई धनराशि को बराबर बांट लिया।

अप्रैल/93 में अध्यक्ष, एन एस सी एन (आई एम) ईस्साक सिसि स्यू ने मुझसे उनके द्वारा प्राप्त किए गए कुछ शस्त्र और गोलाबारूद को लेने के लिए बंगलादेश जाने का कहा।

तदनुसार मैं मई, 1993 में बी. इरेकडाओ के साथ शिलांग गया तथा एन एस सी एन (आई एम) के अध्यक्ष की सहायता से हमने डॉकी के रास्ते भारत-बँगला देश सीमा पार की और शहाजहांपुर, ढाका में किसी नुरू मियां के स्वामित्व वाले किराए के मकान में ठहरा। यह उल्लेखनीय है कि एन एस सी एन (आई एम) ने समुद्री रास्ते से कम्बोडिया से लगभग 300 शस्त्र प्राप्त किए थे और उन्हें टेकनाफ में कॉक्स बाजार क निकट उतारा। मैंने शस्त्र और गोलाबारूद को लेने तथा अली कादम में अपना शिविर स्थापित करने के लिए इराकडाओ को असम से काडर लाने के लिए वापिस भेजा।

1994 (मध्य) में अपनी पत्नी के साथ मैं जाली नाम से बंगलादेश पासपोर्ट के आधार पर ढाका से बैंकाक गया। बैंकाक में मैंने अध्यक्ष स्यू तथा विदेश मंत्री एंजीलस शिमरे से सम्पर्क किया तथा विदेश से परिष्कृत शस्त्र एवं गोलाबारूद का प्रापण करने के बारे में चर्चा की और निर्णय लिया। हमने शस्त्र एवं गोलाबारूद के प्रापण के लिए आवश्यक प्रबंध करने हेतु एन डी एफ बी और एन एस सी एन (आई एम) के एक संयुक्त दल का चीन भेजने का भी निर्णय लिया, स्यू ने चीन में यह मिशन एस एस कैप्टन एंथनी को सौंपा।

बाद में 1994 के अंत में, बोडोलैण्ड आर्मी चीफ एस एस एल टी कर्नल बी. बिव्हीटी उर्फ भूपेन बोडो (मृतक) सूचना एवं प्रचार सचिव बी. इराकाडाओ उर्फ इमान्यूल बासुमातारी एस एस कैप्टन एंथोनी के साथ शंघाई, चीन गए। उन्होंने नोरिंको आयुद्ध कारखाने के शस्त्र डीलरों और एजेंटों से संपर्क किया। डीलरों और एजेंटों ने अपेक्षित शस्त्र एवं गोलाबारूद मुहैया कराने का आश्वासन दिया जिनका मूल्य 1 मिलियन यू एस डालर से कम नहीं था और इन शस्त्रों और गोलाबारूद की आपूर्ति हमें उत्तरी कोरियन कारगो के माध्यम से की जाएगी।

फरवरी/94 में एन एस सी एन (आई एम) ने हमें एम-16 राइफलें =2,राकेट लांचर =1 और ए के 47 राइफलें=9 पर्याप्त गोलाबारूद सहित निःशुल्क दी थीं और उन्हें म्यांमार, नागालैण्ड आदि के रास्ते उदालगिरि लाया गया था।

नोरिंको कम्पनी चीन से शस्त्रों और गोलाबारूद की खेप मार्च/96 में उत्तरी कोरियन कारगो द्वारा लाई गई थी। एन एस सी एन (आई एम) के माध्यम से हमने पर्याप्त गोलाबारूद सहित विभिन्न वर्गों के लगभग 550 शस्त्र प्राप्त किए।

एन एस सी एन (आई एम) के महासचिव मुइवाह के साथ हुई बातचीत के अनुसार मैंने यू एन पी ओ (अनरिप्रेजेन्टेड नेशन्स एंड पीपल्स आर्गेनाइजेशन) का सदस्य बनने के लिए निर्धारित फार्म प्राप्त किया। यू एन पी ओ का मुख्यालय एम्स्टर्डम, नीदरलैण्ड में है। अन्तर्राष्ट्रीय मंच के समक्ष हमारी मांग तथा शिकायतों को प्रक्षेपित करने तथा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से समर्थन एवं सहायता प्राप्त करने के लिए हमने इसका सदस्य बनने का विचार बनाया। दिसम्बर/97 में समर्थकारी दस्तावेजों सहित विधिवत भरा गया फार्म मैंने फैक्स द्वारा ढाका से यू एन पी ओ के कार्यालय में भेजा था। मैंने यू एन पी ओ से पत्र की पावती प्राप्त की थी। आज तक हमने मामले को आगे नहीं बढ़ाया है।

1997 में एन एस सी एन (आई एम) हमें सूचित किए बिना सम्पर्क में आया है। इसलिए एन एस सी एन (आई एम) से हमारा सम्बंध कम है। तथापि मैंने ढाका में एस एस ब्रिगेडियर एंथोनी और एस एस कैप्टन आशिंग से सम्पर्क बनाए रखा है। उन्होंने स्यूरापाड़ा तथा वेस्ट काफ्रूल में हमारा एन डी एफ बी, बाद में एन डी एफ बी (ए टी) कार्यालय भी देखा।

<u>के वाई के एल के साथ सम्बन्ध:</u>

अगस्त/1994 में हमने एन एस सी एन (के), उल्फा, पी एल ए, यू एन एल एफ, के एल ओ आदि को छोड़कर पूर्वोत्तर क्षेत्र के उग्रवादी गुटों का एक कॉमन मंच स्थापित किया था जिसे पूर्वोत्तर क्षेत्र

को आजाद कराने के लिए भारत संघ के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने हेतु दक्षिण पूर्व हिमालयी क्षेत्र का आत्म रक्षा एकीकृत मंच (एस डी यू एफ एस ई एच) कहा जाता था। हमारे संघटक सदस्य एन डी एफ बी, एन एस सी एन (आई एम), के वाई के एल, एन एल एफ टी, एच एन एल सी, के पी एफ आदि थे, मुइवाह मुख्य संयोजक था और मैं संयोजक था। चूंकि मुइवाह अधिकांशत: विदेश में बाहर रहता था अत: एन ओकेन, जी टी इ एन सचिव, के वाई के एल को संयोजक के रूप में चुना गया। बाद में एस डी यू एफ एस इ एच समाप्त हो गया। एन डी एफ बी के विभाजन के बाद, जनवरी/09 में मैंने ढाका में के वाई के एल के गृह सचिव (नाम याद नहीं) के साथ बात की थी और फोन पर मैंने एस एस ब्रिगेडियर एन ओकेन (महा सचिव) के वाई के एल के साथ बात की और हमें शरण देने तथा मयांमार में एक शिविर स्थापित करने के लिए उनकी सहायता मांगी। वे सहमत हो गए। तदनुसार, एस एस सार्जेन्ट एन. नाइसन को 2/3 काडरों के साथ मोन के रास्ते सागेन डिवीजन में के वाई के एल के शिविर में म्यांमार भेजा गया। नाइसन ने एन डी एफ बी (ए टी) के एक शिविर सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की। अक्सूबर/09 से जनवरी/10 तक 54 नए काडरों सहित एन डी एफ बी (ए टी) के 64 काडरों को उस प्रशिक्षण शिविर में भर्ती किया गया।

के वाई के एल ने शिविर में हमारे काडरों को 3 ए के-56 राइफलें नि:शुल्क दीं और के वाई के एल के माध्यम से नाइसन ने 9 लाख रुपये में 6 ए के-56 राइफलें खरीदीं।

<u>के वाई के एल के पदाधिकारी</u>

अध्यक्ष	-	नाम की जानकारी नहीं
स्टाफ का मुखिया	-	नाम ज्ञात नहीं लेकिन उसे फरवरी/मार्च 2010 में सिलीगुड़ी के नजदीक गिरफ्तार किया गया था।
महा सचिव सह बिग्रेडियर	-	एन. ओकेन (58/60) अब वह मोरेह के निकट म्यांमार में हो सकता है। उसके बच्चे बड़े हो गए हैं जो इम्फाल में रह रहे हैं।
गृह सचिव	-	नाम याद नहीं। वह भी मोरेह के नजदीक म्यांमार में एक कस्बे में रह रहा है।

के वाई के एल के काडर और कमांडर मौलवी बाजार जिले के मणिपुरी गावों में शरण लेते हैं। जब वे ढाका आते हैं तो वे होटलों में और मणिपुरी लोगों के घरों में ठहरते हैं। के वाई के एल मणिपुर की संप्रभुता की मांग करता है। पहले एन. ओकेन यू एन एल एफ का विदेश सचिव था। उसने इस गुट को मार्गदर्शन दिया और के वाई के एल का गठन किया।

जनवरी/10 में मैंने एस एस एल टी बी. जिंगखांग, उप मुखिया बोडोलैण्ड आर्मी को म्यांमार में हमारे शिविर में भेजा। जिंगखांग और एन. नाइसन दोनों हमारे शिविर की देखभाल करते हैं।

<u>एन यू पी ए के साथ सम्बन्ध :</u>

वर्ष 2002 में कभी-कभी बी. जुख्रुब (मृतक) तत्कालीन न्यायिक सचिव एन डी एफ बी जो खगरासारी जिले में शिविर चला रहा था, कॉक्स बाजार के निकट जवालफांडी में आता था जहां किसी एन यू पी ए कार्यकर्ता (नेशनल यूनाइटेड पार्टी ऑफ अराकन) से उसकी घनिष्ठता हो गई। बाद में एन यू पी ए कार्यकर्ता ने बताया कि एन यू पी ए के शीर्ष नेताओं ने हमसे बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की थी। तदनुसार, उसी वर्ष कमान्डर आर. गुथल तथा एन सी सदस्य एस एस कैप्टन बेनु बोडो सहित मैंने खीखट, ढाका में आर. गुथल के किराए के मकान में डॉ. खिन मुआंग, अध्यक्ष एन यू पी ए तथा उनके विदेश और वित्त सचिव (नाम याद नहीं) के साथ बातचीत की। हमने मुख्यत: परस्पर रूप से कार्य करने और कम्बोडिया से शस्त्र और गोलाबारूद (पुराने) का प्रापण करने का निर्णय लिया। बैंकाक में ठहरा उनका उप सेना प्रमुख बैंकाक के थाई शस्त्र डीलर के माध्यम से शस्त्रों का प्रापण करने में हमारी मदद करेगा।

वर्ष 2002 के अंतिम समय से लेकर जुलाई/2004 तक कैप्टन बेनू बैंकाक गया और एन यू पी ए के डिप्टी चीफ तथा थाई शस्त्र डीलर की मदद से कम्बोडिया गया और 3 लाख यूरो-डॉलर, अर्थात् 1 करोड़ 68 लाख रु. मूल्य की 300 ए के -47 राइफल्स (पुराने शस्त्र) की खरीद करने का सौदा किया तथा शस्त्र डीलरों को 84 लाख रु. (1 लाख 50,000 यूरो डॉलर) की दो किस्तों में उक्त राशि का भुगतान किया। किन्तु एन यू पी ए के अध्यक्ष ने मुझे सूचित किया कि कम्बोडिया से बंगलादेश लाई जा रही शस्त्रों की खेप को प्राधिकारियों द्वारा रोक लिया गया।

किन्तु एन यू पी एफ ए के अध्यक्ष के बयान से संतुष्ट नहीं हुआ था। उसने मुझसे प्रस्तावित शस्त्र एवं गोलाबारूद के लिए और धनराशि का भुगतान करने पर भी जोर डाला। इसी बीच जुलाई/04 में बेनू बोडो को बैंकाक में प्राधिकारी द्वारा पकड़ लिया गया और बाद में उसने प्राधिकारी के समक्ष समर्पण कर दिया और हमारा मिशन फियस्को में समाप्त हो गया। बेनू बोडो की गिरफ्तारी के बाद से एन यू पी ए के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है।

<u>उल्फा के साथ संबंध:</u>

1987 में जब मैं एन एस सी एन के नेता की सलाह के अनुसार म्यांमार में एन एस सी एन के मुख्यालय गया तो मैं उल्फा के साथ उनके कैम्प में ठहरा और वहां मैं रॉबिन हाण्डिक, किशोर महन्त आदि के संपर्क में आया और उस समय परेश बरुआ के नेतृत्व में लगभग 200/250 कॉडरों का एक ग्रुप प्रशिक्षण के लिए काचिन प्रांत में के आई के मुख्यालय में था।

1991 में राइनो अभियान से पूर्व अध्यक्ष अरबिन्द राजखोवा भूटान में हमारे शिविर में गया। परस्पर सहमति के लिए बी डी एस एस और उल्फा नेताओं के दो करार हुए। हमारे महासचिव गोबिन्द बासुमातारी तथा अध्यक्ष अरबिन्द राजखोवा ने दो करार किए। 1991 के बाद से हमारे एक दूसरे के साथ अच्छे संबंध बने हुए हैं। 1995 में बंगलादेश में, मैं उल्फा के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ परेश बरुआ से ढाका में मिला। मैंने उसका सम्पर्क नम्बर लिया, फिर मैंने उससे फोन पर बात की। सितम्बर/2000 में ढाका में परेश बरुआ और मैंने शस्त्र एवं गोलाबारूद के प्रापण के बारे में चर्चा की।

दिसम्बर/2000 में परेश बरुआ शस्त्रों की एक खेप चीन से चटगोंग लाया तथा उसने निम्नलिखित शस्त्र मुहैया कराए-

ए के -56 राइफलें	-	180	-	बिना गोलाबरूद के
एम-20 पिस्तौलें	-	100	-	-वही-
राकेट लांचर	-	05	-	शैल - 30
चीनी हथगोले	-	30	-	
60 एम एम मोर्टार	-	2	-	शैल 20
एम एम जी	-	1	-	गोलाबारूद 8000

उक्त खेप के लिए मैंने एस एस द्वितीय लेफ्टीनेंट रूबल के माध्यम से परेश बरुआ को 3 लाख 50 हजार यू एस डालर का भुगतान किया।

1998 में हमने अध्यक्ष अरबिन्द राजखोवा, सी एस परेश बरुआ, विदेश सचिव साशा चौधरी के साथ एक बैठक की जिसमें हमारी तरफ से बी सी धीरेन बोडो, जी एस गोबिन्द बासुमातारी, संगठन सचिव एम. जेरेमा तथा मैंने भाग लिया। यह बैठक मालीबाग, ढाका में एस एस एल टी सुशील बोडो उर्फ बी. सतबंग्सा के किराए के मकान में हुई। अपने राजनैतिक और वैचारिक मतभेदों तथा जब कभी कोई अन्य समस्याएं पैदा हों तो उनका समाधान करने के लिए हमने उल्फा और एन डी एफ बी की एक समन्वय समिति गठित की।

2003 के प्रारंभ में पुन: समन्वय समिति की बैठक खिलखेट, ढाका में आर. तुहई के किराए के मकान हुई जिसमें उल्फा के अध्यक्ष अरबिन्द राजखोवा, विदेश सचिव साशा चौधरी, मुख्य संगठन सचिव अशन्ता बेग फुकन ने भाग लिया और एन डी एफ बी की ओर से एस एस कैप्टन डी. डेरहासा (संगठन सचिव), सेना प्रमुख चाबिन बोडो, एस एस कैप्टन बेनू बोडो, एस एस मेजर आर. गुथल और मैं उपस्थित थे। इस बैठक में परस्पर सहमति और समन्वय बैठकें बार-बार आयोजित करने तथा दोनों संगठनों के बीच मैत्री संबंध को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया।

वर्ष 2004 में अर्थात् भूटान में ' ऑल क्लीयर' अभियान के बाद अध्यक्ष अरबिन्द राजखोवा और सी एस परेश बरुआ उतारा, ढाका में मेरे किराए के निवास पर आए। एन डी एफ बी की ओर से एस एस मेजर आर. गुथल, एस एस कैप्टन बेनू बोडो तथा मैंने जबरन धन वसूली और प्रचालन संबंधी गतिविधियां संयुक्त रूप से चलाने के लिए उल्फा और एन डी एफ बी के दो कैप्टनों की अध्यक्षता में एक संयुक्त अभियान दल गठित करने पर चर्चा की और निर्णय लिया। यद्यपि हमने निर्णय तो ले लिया किन्तु इसे मूर्त रूप नहीं दिया गया।

यह उल्लेखनीय है कि 1998 की बैठक में अरबिन्द राजखोवा ने यह बताया था कि उल्फा और एन डी एफ बी दोनों असम और बोडोलैण्ड की संप्रभुता की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन किसी भी परिस्थिति में असम का विभाजन नहीं किया जाना चाहिए। यदि जरुरी हो तो असम के नाम में परिवर्तन किया जाना चाहिए और हमें साथ-साथ रहना चाहिए । जनवरी/2004 से लगभग एक सप्ताह पूर्व परेश बरुआ ने मुझे शस्त्र एवं गोला बारूद उपलब्ध कराने के लिए जिनके शीघ्र बंगलादेश पहुंचने की संभावना थी, 2

लाख यू एस डालर का उसे भुगतान करने के लिए सैटेलाइट फोन से मुझसे बात की। किन्तु मैं उसे धनराशि का भुगतान नहीं कर सका। और जनवरी/2004 में परेश बरुआ द्वारा लाए गए शस्त्र एवं गोलाबारूद के 10 ट्रकों को चटगोंग में करनाफुली नदी के तट पर उर्वरक कारखाने के निकट पकड़ लिया गया। पकड़े जाने की घटना के बाद परेश बरुआ और अरबिन्द राजखोवा से कोई संपर्क नहीं हुआ लेकन कभी-कभी मैं साशा चौधरी और राजू बरुआ से मिला।

<u>यू एन एल एफ के साथ संबंध:</u>

मैं इस बारे में पहले ही बता चुका हूँ।

<u>के एल ओ के साथ संबंध:</u>

के एल ओ मुख्यत: उल्फा से संबंधित है। के एल ओ के साथ एन डी एफ बी के अच्छे संबंध हैं। 2001 में जब मैं एन डी एफ बी, द्वितीय बटालियन मुख्यालय कैंप कालीखोला से ढाका जा रहा था तो के एल ओ आर्मी चीफ मिल्टन से मेरे अनुरोध के बाद के एल ओ का अध्यक्ष जीबोन सिंह और उल्फा का एस एस एल टी रुस्तोब चौधरी कालीखोला से ढाका तक मेरे साथ गए। उस समय के एल ओ के नेता तथा काडर कालीखोला के निकट 709 बटालियन मुख्यालय कैंप में थे यह उल्लेखनीय है कि मेरे साथ ढाका जाते समय जीबोन सिंह ने अपनी पहचान नहीं बताई।

2004 में भूटान में 'आल क्लीयर' अभियान के बाद जीबोन सिंह मुझसे खिलखेल, ढाका में आर. गुथल के किराए के मकान में मिला तथा उसने मुझसे उनके काडरों को प्रशिक्षण देने तथा कुछ शस्त्र एवं गोलाबारूद मुहैया कराने का अनुरोध किया। मैंने उसे बताया कि हम उसे बाद में सूचित करेंगे। इसी बीच उल्फा नेताओं ने ढाका में मौलवी बाजार जिले में सतसौरी शिविर में टी पी डी एफ के अधीन के एल ओ काडरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की। मेरी सलाह के अनुसार एस एस मेजर आर. गुथल कमांडर तीसरी बटालियन ने के एल ओ अध्यक्ष के साथ अच्छे संबंध बनाए। बाद में 2007 में के एल ओ के कार्यकारी आर्मी चीफ (जीबोन सिंह की बहन का पति) के साथ आर. गुथल बंगलादेश से धुब्री, कोकराझार तथा बोंगईगांव जिला क्षेत्र मुख्यत: कोच -राजबंसी क्षेत्र में उन लोगों का समर्थन प्राप्त करने के लिए लामबंद करने तथा हमारे आधार क्षेत्र को बढ़ाने के लिए आए। लेकिन लामबंद किए जाने के 5/6 दिन बाद के एल ओ ने हमारे दल को रोक दिया। उल्फा और के एल ओ के बीच यह सहमति हुई कि के एल ओ असम में लोगों को लामबंद करने से बचेगा।

इसके बावजूद हमारे संबंध अच्छे बने हुए हैं। इस समय के एल ओ के 10/15 प्रशिक्षित काडर हो सकते हैं। जीबोन सिंह के एक निकट सहयोगी किसी पटोवारी को सितम्बर/2009 में रंगपुर से गिरफ्तार किया गया है। जीबोन सिंह के मीरपुर में छिपने का अड्डा (किराये का मकान) है। हमने के एल ओ को कोई शस्त्र और गोलाबारूद नहीं दिए हैं।

<u>एन एल एफ टी के साथ संबंध:</u>

एन एल एफ टी का अध्यक्ष बैथंगदेब बर्मा, ढाका में अगस्त/94 में गठित किए गए सेल्फ डिफेंस यूनाइटेड फ्रंट ऑफ साउथ-ईस्ट हिमालयन रीज़न के घटक सदस्यों में से एक है। एन एल एफ टी का प्रचालन क्षेत्र त्रिपुरा, मौलवी बाजार क्षेत्र है। हमारे एक दूसरे के साथ अच्छे संबंध हैं। 1997 में एन एल एफ टी के काडरों ने हमारे शिविर को अली काडम जिला-बंदरबोन से बदलकर खपरासारी जिले में बोहोलसौरी में स्थापित करने में हमारी मदद की। मित्रता के प्रमाण स्वरूप हमने एन एल एफ टी को 10 ए के-47 राइफलें, 3 अर्द्ध स्वचालित राइफलें और एक स्निपर राइफल दी। एन एल एफ टी ने 1997, 1998 में एन डी एफ बी काडरों की त्रिपुरा से शस्त्र एवं गोलाबारूद के ट्रांशिपमेंट में मदद की, उन्होंने हमारे काडरों तथा नेताओं की भारत से बंगलादेश तथा बंगलादेश से भारत जाने में भी मदद की।

एन एल एफ टी उपाध्यक्ष - याम बोर्क देब बर्मा (अब खगरासारी में)

एन एल एफ टी सेना प्रमुख - थॉमस देब बर्मा (अब बोहोलसोरी शिविर में)

उनकी कुल नफरी 150/200 हो सकती है। बोहोलसोरी शिविर के सिवाय उनके ट्रांजिट शिविर हैं तथा काडर त्रिपुरा के त्रिपुरी गांव में, बंगलादेश क्षेत्र के मौलवी बाजार और खगरासारी जिले में ठहरे हैं।

यह उल्लेख किया जाता है कि 1998 में भूटान में स्थित नामलांग शिविर में हमारे पाक प्रशिक्षित काडरों ने 5/6 एन एल टी काडरों को एक महीने तक एडवांस गुरिलल्ला प्रशिक्षण दिया। इनमें से कुछ काडर दीपक देब बर्मा , संगासा देब बर्मा थे। उनके अध्यक्ष तथा सेना प्रमुख के अनुरोध के अनुसार मैंने तत्कालीन बोडोलैंड आर्मी चीफ चाबिन बोड़ो को निदेश दिया था जिसने प्रशिक्षण की व्यवस्था की थी।

जहां तक मुझे पता है एन एल एफ टी काडरों ने सुनामी से पूर्व और उसके बाद त्रिपुरा में असम राइफल्स के 14/15 जवानों पर घात लगाकर हमला किया तथा उनकी हत्या कर दी। उस घटना से पूर्व एन एल एफ टी ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लगभग 21 कार्मिकों की हत्या कर दी और इन दोनों घटनाओं में उनके हथियार छीन लिए। एन एल एफ टी के 5/6 काडरों ने शायद 1996 या 1997 में आई एस आई के अधीन पाकिस्तान में नेट प्रशिक्षण लिया।

<u>टी पी डी एफ के साथ संबंध:</u>

पूर्व ए टी टी एफ अब टी पी डी एफ के 1993 से अच्छे संबंध हैं। टी टी एफ काडरों ने म्यांमार और मिजोरम के रास्ते से कॉक्स बाजार क्षेत्र से शस्त्रों के ट्रांशिपमेंट में सहायता की।

1997 में हमारा कैम्प अली काडम के निकट बीहोलसोरी में चेले जाने के बाद एन एल एफ टी के सैनिकों द्वारा उप प्रमुख, वित्त सचिव और टी पी डी एफ के एक काडर की हत्या कर दी गई किन्तु टी पी डी एफ के चेयरमैन को अपने नेताओं और काडरों की हत्या में एन डी एफ बी पर सन्देह था। टी पी डी एफ अध्यक्ष रंजीत दब बर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार किया जिसमें इस हत्या के पीछे एन डी एफ बी और एन एस जी एन (आई एम) पर आरोप लगाया। उसे दोषी ठहराया। इस घटना के पूरे समय

मैं भूटान में नामलांग शिविर में था। तत्पश्चात मैं वापिस ढाका चला गया और दिसम्बर/97 के दौरान मैंने उल्फा के सी एस परेश बरुआ से यह अनुरोध किया कि वह हमारी स्थिति को स्पष्ट करने के लिए टी पी डी एफ के अध्यक्ष रंजीत देब बर्मा के साथ एक बैठक कराए क्योंकि हम इस घटना में शामिल नहीं थे।

जनवरी/98 में परेश बरुआ ने मू बाजार ढाका में एक चीनी रेस्टोरेंट में बैठक कराई जहां मैंने टी पी डी एफ के अध्यक्ष रंजीत देब बर्मा को इस मामले के बारे में स्पष्टीकरण दिया ताकि आशंकाएं दूर हो जाएं। बाद में रंजीत देब बर्मा को यह पता चला कि उस मामले में न तो एन डी एफ बी और न ही एन एस सी एन (आई एम) शामिल थे।

2006 में लम्बे अन्तराल के बाद मेरे अनुरोध पर के एल ओ के अध्यक्ष जीबोन सिंह ने फार्म गेट, ढाका में एक रेस्टोरेंट में रंजीत देब बर्मा के साथ मेरी बैठक कराई जहां मैंने एन डी एफ बी और टी पी डी एफ के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने का प्रयास किया।

2009 में रंजीत देब बर्मा ने मेरे अनुरोध पर संग्शाद भवन, ढाका के निकट यू एन एल एफ अध्यक्ष, सनेइमा के साथ मेरी बैठक कराई थी। मैं अपने प्रयोग के लिए म्यामांर से शस्त्र एवं गोलाबारूद के प्रापण के बारे में जानना चाहता था। उसने मुझे बताया कि म्यांमार से पुराने शस्त्र एक समय में 5/6 शस्त्रों की खेप में खरीदे जा सकते हैं।

दिसम्बर/2009 में साशा चौधरी, चित्राबोन हजारिका, राजू बरुआ और अरबिन्द राजखोवा की गिरफ्तारी तथा बंगलादेश से भारत में उनके निष्कासन के बाद मैंने फोन तथा ई-मेल पर सनेइमा, रंजीत देब बर्मा तथा परेश बरुआ के साथ चर्चा की तथा बंगलादेश और असम के मीडिया को संयुक्त प्रैस वक्तव्य जारी किया जिसमें यह कहा गयाकि बंगलादेश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारत के लोगों ने उसकी मदद की थी इसलिए बंगलादेश के प्राधिकारियों को उनकी मदद करनी चाहिए।

इसके बाद मुझे म्यांमार से शस्त्रों के प्रापण के बारे में उससे बातचीत करने का समय नहीं मिला।

<u>ए एन वी सी के साथ संबंध:</u>

अचिक नेशनल वालंटीयर फोर्स का गठन मेघालय के गारो हिल्स क्षेत्र के गारो लोगों द्वारा किया गया। ए एन वी सी के गठन से पहले यूनाइटेड लिब्रेशन आर्मी ऑफ मेघालय (यू एल ए एम) के नाम से एक दूसरा संगठन था। डीलक्स माराक इसका सेना प्रमुख था। संभवत: 1995 में डीलक्स माराक को गिरफ्तार किया गया और उसको शिलांग जेल में रखा गया। डीलकस माराक उसी वर्ष एन एस सी एन (आई एम) तथा एच एन एल सी काडरों के साथ जेल से भागकर ढाका चला गया और ढाका में वह एन एस सी एन (आई एम) की शरण में रहा। मैं भी उससे मिला और उसके खर्चे के लिए मैंने उसे 10,000 टका दिए। मैंने उसे एक नया संगठन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। 1997 में एन डी एफ बी की ओर से मैंने डीलक्स माराक को 3 ए के-56 राइफलें, 2 अर्द्ध स्वचालित राइफलें, 2 पिस्तौलें दी थीं। मैंने संगठन सचिव डी. बेरहासा की अध्यक्षता में 10/12 एन डी एफ बी काडर निधियां जुटाने में डीलक्स

माराक को मदद करने के लिए भेजे। 1997 में डीलक्स माराक ने यू एल ए एम को समाप्त करके ए एन वी सी का गठन किया और इसका अध्यक्ष बन गया तथा वह अभी इसका अध्यक्ष बना हुआ है। ए एन वी सी 2003 से युद्धविराम में चल रहा है। हमने बंगलादेश से आने-जाने में अपने काडरों की मुफ्त आवा-जाही, बंगलादेश से शस्त्र एवं गोलाबारूद का ट्रांशिपमेंट तथा उनकी शरण सुनिश्चित करने में उनकी मदद की। 1997 से 2003 तक हमारे सशस्त्र काडरों के एक ग्रुप ने उनके साथ संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया और जबरन धन वसूली आदि की।

<u>एच एन एल सी के साथ संबंध:</u>

मेघालय का एच एस एल सी (हिन्नीव ट्रेप नेशनल लिब्रेशन काउंसिल) एक खासी संगठन है जो 1994 से एस डी यू एफ एस ई एच आर का घटक सदस्य है। अत: हम एक दूसरे के साथ अच्छे संबंध रखे हुए हैं।

2003 में तत्कालीन एच एन एल सी अध्यक्ष, जूलिसय डोरफांग (अब आत्मसमर्पण कर दिया है) के अनुरोध पर मैंने कार्बी आंगलांग से लगे जैन्तिया हिल्स में एच एन एल सी काडरों के साथ संयुक्त अभियान चलाने, जबरन धन वसूली करने के लिए एस एस एल टी डी. ओफरी की अध्यक्षता में 5/6 सशस्त्र एन डी एफ बी काडरों का एक ग्रुप भेजा था। हमारी टीम वहां 2004 तक रही। 2004 में किसी समय विशेष अभियान दल ने हमारे एक काडर की हत्या कर दी तथा हमारे दो हथियार जब्त कर लिए।

अध्यक्ष -

महासचिव - चेरलिश थांगक्यू (42)
आर्मी चीफ - बॉबी भार्विन (38)

बोहोलसोरी में एच एन एल सी का शिविर है। उनके काडरों की संख्या 20/30 हो सकती है। बॉबी भार्विन ने असम राइफल्स में 14 माह का प्रशिक्षण लिया और वहां से छोड़कर चला गया।

<u>गारो नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (जी एन एल एफ) के साथ संबंध</u>

इस संगठन का गठन अभी हाल ही में हुआ है। इससे पूर्व किसी एस ओ टी कमांडो, जिसकी मुठभेड़ में मृत्यु हो गई है के नेतृत्व में "इलाइट अचिक नेशनल फोर्स" के नाम से एक गारो संगठन था। इसके बाद मेघालय बटालियन के पुलिस उपाधीक्षक ने इलाइट फोर्स के काडरों, एच एन एल सी के पलायनकर्ताओं आदि के साथ मिलकर जी एन एल एफ का गठन किया। एन डी एफ बी का जी एन एल एफ के साथ कोई संबंध नहीं है।

8. अब मैं कुछ प्रैस रिलीजों पर आता है जो एस डब्ल्यू 14 के अनुसार एन डी एफ बी द्वारा दी गई थी। प्रथम प्रैस रिलीज का उल्लेख अनुलग्नक-ठ के रूप में अपने शपथ पत्र में एस डब्ल्यू-14 द्वारा किया

गया था जिसे इस अधिकरण के समक्ष उसके बयान के दौरान प्रदर्श एस डब्ल्यू 14/ठ के रूप में चिन्हित किया गया था और जो नीचे प्रस्तुत है:-

"एन डी एफ बी की एक राष्ट्रीय परिषद का गठन करने तथा बोडोलैण्ड आर्मी के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ तथा डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ और चार कमानों के कमांडिंग तथा डिप्टी कमांडिंग अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा पार्टी के विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से 29 और 30 अक्तूबर, 2009 को एन डी एफ बी की आम बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एन डी एफ बी के अध्यक्ष डी. आर. नबला ने की तथा एन डी एफ बी के प्रवक्ता एन. दिन्थी ग्वरा को सर्व सम्मित से रिकार्डिंग सचिव के रूप में चुना गया। बैठक में विस्तृत और लंबी चर्चा के बाद नेशनल काउन्सिल बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें सात सदस्य होंगे और निम्नलिखित निर्णय लिया:

बैठक ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय परिषद का गठन किया है जिसमें सात सदस्य होंगे, यह एन डी एफ बी की सर्वोच्च कार्यकारी एवं निर्णयकारी संस्था होगी। राष्ट्रीय परिषद में सात निर्वाचित सदस्य हैं :

रोनायग्रा नाबला दायमारी	अध्यक्ष
दिन्ती ग्वरा नारजारी	महासचिव
ओंजालू बासुमतारी	सूचना एवं प्रचार सचिव
बरबाय बासुमतारी	सहायक सूचना एवं प्रचार सचिव
रिफिखांग गोयारी	वित्त सचिव
रौजब डेका	संगठन सचिव (अब सी एफ के साथ)
दैंस्वरैंग नारजारी	सदस्य

* बैठक ने सर्वसम्मति से कैप्टन सौंगबीजित इंगती कठार एवं लेफ्टिनेंट ज्वंखैंग बोडो को बोडोलैंड आर्मी का क्रमश: चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ तथा डेपुटी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया गया है।

* व्यापक विचार-विमर्श के बाद बैठक ने बोडोलैंड आर्मी के सभी अभियानों को केन्द्रीकृत करने का प्रस्ताव पारित किया तथा ऐसे क्रियाकलापों से दूर रहने को कहा जिनसे कुल मिलाकर पार्टी पर बुरा असर पड़े और जो क्रांतिकारी नीतियों के खिलाफ हों। बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया कि बोर्ड की बड़ी अथवा गंभीर गतिविधि अथवा कार्रवाई केवल पार्टी के सर्वोच अधिकारी के परामर्श से की जानी चाहिए।

* बैठक ने प्रस्ताव पारित किया तथा बोडोलैंड तथा पश्चिमी दक्षिण पूर्व एशिया तथा कथित "पूर्वोत्तर भारत" को मुक्त कराने के लिए ताकत एवं दृढ़निश्चय के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिज्ञा की।

9. एन डी एफ बी द्वारा 17 जून, 2010 को अपनी आम सभा में पारित संकल्प को एस डब्ल्यू-14 के हलफनामे के साथ अनुलग्नक-ड के रूप में संलग्न किया गया था तथा अधिकरण के समक्ष उसके साक्ष्य के दौरान प्रदर्श एस डब्ल्यू-14/एम के रूप में मार्क किया गया था जिसका पाठ निम्नवत है :-

"नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड की आम बैठक 17 जून, 2010 को आयोजित की गई

बोडोलैंड आर्मी तथा राष्ट्रीय परिषद के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में 17 जून, 2010 (गुरूवार) को नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड की आम बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता एन डी एफ बी के माननीय उपाध्यक्ष द्वारा की गई थी। बैठक, उन शहीदों को 1 मिनट के शोक प्रस्ताव के बाद आरंभ हुई, जिन्होंने बोडोलैंड के लिए अपनी जानें दीं। कार्यसूची के अनुसार बैठक में संगठन के संचालन हेतु विभिन्न क्षेत्रों में सचिव तथा कमानों में वरिष्ठ काडरों की तैनाती की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया था। संगठन की विदेशी नीति के आधारों में अभिवृद्धि एवं इनके प्रसार को बैठक में महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बताया गया। आम सभा के सदस्यों ने घूस की रकम तथा उसके समुचित उपयोग के महत्व पर भी विचार-विमर्श किया। उगाही गई रकम को खर्च एवं उपयोग के बारे में बैठक ने कुछेक नियम एवं विनियम बनाए जिन्हें प्रत्येक कमान को उसी रूप में पालन करना होगा जिस रूप में आम बैठक ने इन्हें पारित किया। आम सभा कक्ष में शत्रु के खिलाफ फोर्स की नफरी में वृद्धि करने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

आम सभा के संकल्प

1. आम सभा ने वित्त सचिव की नियुक्ति के मुद्दे पर सभी के विचार एवं समर्थन लेकर कैप्टन एन. दैनस्वरैंग को नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड का वित्त सचिव नियुक्त किया और उसी कार्यसूची की आवश्यकता के अनुसार लेफ्टिनेंट बी. शोतबैंग्सा को एन डी एफ बी की राष्ट्रीय परिषद का नया परिषद सदस्य नियुक्त किया।

2. वित्तीय मामलों के संकल्प में हाउस ने यह नियम पारित किया कि प्रत्येक कलेक्टर के साथ-साथ कमांडिंग ऑफीसर भी इन नियमों एवं विनियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। सेना प्रमुख अथवा वित्त सचिव की सलाह के बिना कमांडिंग ऑफीसर तथा इसके निचले स्तर के

अधिकारी एक लाख रुपये से ज्यादा खर्च नहीं कर सकते हैं तथा प्रत्येक कमान को पैसे के उपयोग के मामले में चीफ-ऑफ-कमांड के आदेश का पालन करना होगा।

3. विदेशी कूटनीति एवं विदेशी आधार को कार्यसूची में लिया गया जिसमें नई रणनीति पारित कर गई थी कि आम सभा लेफ्टिनेंट जी. औथाव को प्रतिनिधि के रूप में पांच काडरों के साथ नेपाल में छिपने के नए अड्डे बनाने हेतु सर्वे के लिए भेजने का संकल्प करती है तथा उसी कार्य सूची के कार्यान्वयन में वरिष्ठ काडर अपने को विभिन्न कमानों में तैनात रखने का संकल्प करते हैं।

4. आम सभा में, और ज्यादा ताकत एवं दृढ़ निश्चय के साथ लड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा काडरों की भर्ती करके फोर्स की ताकत एवं नफरी बढ़ाने का संकल्प लिया गया था इसलिए कमांडिंग आफीसरों से भिन्न-भिन्न भागों से नए प्रौढ़ लड़कों को, उनकी पृष्भूमि की साधारण जांच-परख करके भर्ती करने के लिए कहा गया है।

5. संगठन संबंधी मामले को कार्यसूची में लिया गया जिसमें एक मत से यह संकल्प पारित किया गया कि भारत सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्ताव के रूप में पूर्व में 1 मई, 2008 की कार्य सूची में लिया गया निर्णय ही हमारे संगठन का अंतिम मुद्दा है।

6. कार्यसूची की विविध मद के रूप में, सभी कमान में जरूरत के मुताबिक वित्त विभाग को और अधिक संग्रह रसीद बुक पुन: जारी करने के लिए कहा गया है। साथ ही कमान से कहा गया है कि वे रसीद बुक का प्रयोग करें और इसे लेखा-बही में दर्ज करें।

7. कार्रवाई एवं योजना-नीति के संकल्प में यह हाउस सरकारी संपति जैसे – पुल, बिजली, पावर हाउस, सरकारी दफ्तर एवं अन्य सरकारी सम्पति एवं शत्रुओं एवं सभी तरह के परिवहनों एवं संचार प्रणाली कों ध्वस्त करने का निर्णय लेता है।

8. आम सभा ने एक बार फिर पूरे दृढ़ संकल्प एवं समर्पण के साथ बोडोलैंड तथा बोडोलैंड के लोगों को भारत के उप निवेशवाद के चंगुल से मुक्त कराने के लिए तब तक संघर्ष करने की प्रतिज्ञा की कि जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता तथा राष्ट्रीय आत्म-निर्णय के अधिकार पर कभी समझौता न करने का संकल्प लिया।

10. सरकार एन डी एफ बी के तीन कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए निम्नलिखित बयानों पर भी भरोसा कर रही है जिन्हें किसी अपराध के सिलसिले में असम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जिनका विस्तृत ब्यौरा, एस डब्ल्यू-4 श्री नितुल गोगोई, पुलिस अधीक्षक, बोमगैगांव, असम द्वारा अपने हलफनामा प्रदर्श एस डब्ल्यू-4/1-क, एस डब्ल्यू-7 श्री पार्थ सारथी महन्त, पुलिस अधीक्षक, जनपद-कामपुर, असम राज्य द्वारा अपने हलफनामा प्रदर्श एस डब्ल्यू-7/क तथा एस डब्ल्यू-10 श्री देबराज उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक,

जनपद चिरांग, असम द्वारा अपने हलफनामा प्रदर्श एस डब्ल्यू-10/1-क में दिया गया है :-

"शस्त्र अधिनियम की धारा 27 (2) तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित धारा 120 (ख)/121 (क)/122/353/396/307 भा.दं.सं. के अंतर्गत बिजनी पुलिस थाना मामला सं. 185/10 के संबंध में धारा-161 सी पी सी के अंतर्गत अभियुक्त मो. अयूब का बयान।

"उसके द्वारा बताए गए के अनुसार उसका नाम तथा ऊपर उल्लिखित पता सही है। वह पिछले दो-तीन साल से हेडेन बाजार में एक साइकिल मेकेनिक के रूप में कार्य कर रहा था। उसी अवधि के दौरान एन डी एफ बी के कुछ चरमपंथी हेडेन बाजार आए और उन्होंने अपनी साइकिलों की मरम्मत कराई। उसने यह भी बयान दिया कि वह अब स्विस गेट के समीप साइकिल मेकेनिक का कार्य कर रहा है। एन डी एफ बी का दल वहां भी उसकी साइकिल की दूकान पर आया और उसे अपने मददगार के रूप में इस्तेमाल किया। वह केवल बिदाई को जानता है जो कि एन डी एफ बी का एक चरमपंथी है। कभी-कभी एन डी एफ बी का दल उसे डरा धमकाकर उससे सूखी रसद तथा स्थानीय लोगों के मोबाइल नम्बर लेता था। उसने स्वीकार किया कि वह एन डी एफ बी के लिए कार्य करता था लेकिन इस मामले के संबंध में वह उस घटना में शामिल नहीं था। उसने कहा कि निस्संदेह यह घटना एन डी एफ बी द्वारा की गई थी और इसे बिदाई के कमान और नियंत्रण में अंजाम दिया गया था।"

"अभियुक्त श्री दमानिक मुशाहारी उर्फ जट्गू का बयान"

"मेरा नाम श्री दमानिक मुशहारी उर्फ जाठी है। मैं 8 (आठ) महीने पहले प्रतिबंधित एन डी एफ बी संगठन में शामिल हुआ था। मैंने कोई प्रशिक्षण नहीं लिया। मैं एक स्थान से दूसरे स्थान तक पत्रों एवं सामान को लाने और ले जाने का कार्य किया करता था। मैं एन डी एफ बी के मांग पत्रों (डीमांड लेटर्स) की फोटो कापियां एन डी एफ बी चरमपंथी एंटी टॉक ग्रुप के प्लाटून कमांडर एन. जंगखाला बासूमतारी को दिया करता था। मैं बंगतोल गेट पर फोटोकापियां कराता था। इसके बाद पुलिस ने बंगतोल गेट से जीराक्स मशीन बरामद कर ली, जो एन डी एफ बी के कार्यों हेतु इस्तेमाल की जाती थी। दिनांक 26.9.09 को मैंने श्री बिश्वजीत बासुमतारी को एक फैक्स भेजने का आदेश दिया था जिसमें एन डी एफ बी के नाम से असम में भारी तोड़फोड़/विस्फोट किए जाने की धमकी के साथ सरकार को चेतावनी दी गई थी। मैं वह फैक्स लाया और उसे श्री लखन बासुमतारी को सौंप दिया। बिश्वजीत बासुमतारी को वह फैक्स पत्र लखन बासुमतारी ने सौंपा था। तदनुसार बिश्वजीत बासुमतारी तथा लखन बासुमतारी को फैक्स भेजे गए थे। इससे पूर्व, बिजनी एरिया के प्लाटून कमांडर एन. जंगखाला बासुमतारी ने मुझे कुछ मांग पत्र (डिमांड लेटर्स) दिए थे।

बिश्वजीत बासुमतारी के साथ मैंने वे डिमांड लेटर्स बोंगाईगांव कस्बे के कुछ दुकानदारों को वितरित कर दिए। तदनुसार, चापागुड़ी रोड के दूकानदार श्री राज कुमार चौहान ने बोंगाईगांव कस्बे के कुछ दुकानदारों के फोन नम्बर एकत्रित किए और मुझे दे दिए। फोन नम्बर मिलने के बाद मैंने बोंगाईगांव कस्बे के कुछ दुकानदारों से फोन पर पैसे की मांग की। लेकिन मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि एन डी एफ बी को पैसा दिया गया या नहीं । क्योंकि मुझे दीमापुर से लैपटाप, कपड़े, कम्बल आदि खरीदने के लिए प्लाटून कमांडर एन. जंगखाला बासुमतारी द्वारा 2,50,000/- रुपए दिए गए थे। मुझे अमर्टेगा गांव के कंचई मुसाहारी एवं टयूपिल इस्लारी के साथ जोराबाट में दीमापुर जाते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। दीमापुर जाते हुए पुलिस ने हमें पकड़ लिया और हमारे पैसे जब्त कर लिए। इसके बाद उदालगुड़ी पुलिस ने हमें पकड़कर जेल हिरासत में भेज दिया।"

अभियुक्त रंजीत दास का बयान

"ऊपर बताया गया मेरा नाम और पता सही है। मैं कालमनी सिंगीमारी चौक पर साइकिल मरम्मत का व्यवसाय करता हूं और वर्तमान में मेरे पास पेट्रोल एवं डीजल का भी स्टॉक है जो मैं अपनी दूकान के इर्द-गिर्द बेचता हूं। मैं एन डी एफ बी का काडर नहीं हूं लेकिन सरानिया काचारी के एक युवक के तौर पर मैं एन डी एफ बी की विचारधारा, लक्ष्य एवं उद्देश्य से प्रेरित हूं और मैं लगभग 5/6 वर्षों से एन डी एफ बी के बिचौलिए के रूप में कार्य कर रहा हूं। मैं एन डी एफ बी काडरों द्वारा किए गए किसी भी अपराध में संलिप्त नहीं हूं। टांगला निवासी एन डी एफ बी काडर बिपुल बोडो तथा जोरेश्वर के दीपक बोडो, जो कभी-कभी हमारे पास तेल खरीदने आते थे, ने मुझे एन डी एफ बी का बिचौलिया (लिंक मैन) बनने के लिए प्रेरित किया। मैं एन डी एफ बी के किसी अन्य काडर से परिचित नहीं हूं। कभी-कभी बिपुल और दीपक हमारे निवास एवं दूकान पर आया करते थे और ठहरते थे। तीन माह पहले टांगला के बिपुल बोडो ने मुझे घर में रखने के लिए एक हथगोला (हैंडग्रेनेड) दिया और तदनुसार उसे मैंने रख लिया। आज सुबह मुझे गोरेश्वर में दीपक बोडो को हैंड ग्रेनेड हस्तान्तरित करने की सूचना दी गई है और वे मुझे बताएंगे कि गोरेश्वर पहुंचकर मुझे इसे किस प्रकार हस्तान्तरित करना है। तदनुसार, मैं फोन नं. 9854826535 जो कि मेरी पत्नी के नाम पर है और 4060 रुपये ,जो उन 5000/- रुपए में से लिए जो उन्होने मुझे मुहैया कराए थे, को लेकर मैं घर से ट्रैकर द्वारा गोरेश्वर जाने के लिए निकल पड़ा, इंडियन आर्मी तथा रांगिया पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी ली और जब्ती-सूची के अनुसार मेरे पास से बरामद वस्तुओं को जब्त किया। जब्ती कार्रवाई गवाहों की उपस्थिति में की गई। मैं इस बारे में झूठ नहीं बोल रहा हूं कि मैं एन डी एफ बी के अन्य काडरों को नहीं जानता हूं। मैं केवल बिपुलबोडो एवं दीपक बोडो को जानता हूं। मैं उनका वास्तविक पता तक नहीं जानता हूं। वे

विशेषकर काले रंग की पल्सर मोटर साइकिल पर क्रमश: कलमानी एवं मधुकुची के अंदरूनी क्षेत्र में स्थित साप्ताहिक बाजारों में आते थे। मैं उनके विशेषकर रात्रि के समय ठहरने के स्थानों तथा वे अपने साथ किस तरह के हथियार एवं गोलाबारूद लेकर चलते थे, इसके बारे में नहीं जानता हूं। मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि उन्होंने मेरे कब्जे में हैंड ग्रेनेड क्यों रखा और किस प्रयोजन के लिए आज इसे गोरेश्वर में दीपक बोडो को हस्तान्तरित करने को कहा। चूंकि, मेरे आस-पड़ोस में कोई भी नहीं जानता था कि मैं एन डी एफ बी का बिचौलिया (लिंकमैन) हूं इसलिए मैं उनके कार्यकलापों में आसानी से मदद करता था लेकिन मैं पकड़ा गया। मैं विवाहित हूं और मेरा एक बच्चा है और मैं अपने पिता तथा अन्य परिवार के सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से रहता हूं।"

11. एस डब्ल्यू-14 ने अपने हलफनामे के साथ जी. रफीखांग द्वारा 14 सितम्बर, 2010 को एन डी एफ बी के उपाध्यक्ष की हैसियत से दिए गए भाषण को भी संलग्न किया है। उसे उसके साक्ष्य के दौरान प्रदर्श एस डब्ल्यू-14/सी के रूप में मार्क किया गया है तथा इसका अंग्रेजी रूपांतर नीचे उद्धृत किया जाता है:-

शहीद दिवस पर उपाध्यक्ष जी. रफीखांग का भाषण

मेरे प्रिय साथियों, आजाद बोडोलैंड के समर्थको और वे लोग, जिन्होंने विभिन्न प्रकार से हमारे संघर्ष में हमारी मदद की, मैं सबसे पहले उन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं, उन बहादुर सिपाहियों और उनके परिवारों को, जिन्होंने एन डी एफ बी के 24 साल लम्बे संघर्ष के दौरान बोडोलैंड की आज़ादी के लए अपनी जान गंवाई, को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम 14 सितम्बर को शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। आज के दिन मैं उन सभी को याद करना चाहूंगा जिन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया और जो विभिन्न जेलों में बंद हैं।

14 सितम्बर, 1988 को कार्रवाई कमांडर बी. बंग्बर ग्वारा मारे गए थे और इस तरह वे बोडोलैंड की आज़ादी की लड़ाई के प्रथम शहीद हुए और तब से 14 सितम्बर, 1989 से हम इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। 20 वर्षों के संघर्ष के बाद, 8 अक्तूबर, 2004 को एन डी एफ बी ने भारत सरकार के साथ बातचीत की प्रत्याशा में युद्ध विराम की घोषणा की थी। यह आशा की गई थी कि हमलोगों के कल्याणार्थ विभिन्न मांगे उनके समक्ष रख सकेंगे। हमारे नेताओं ने 5 वर्षों तक यह सोचकर प्रतीक्षा की कि भारत सरकार हमें बातचीत के लिए आमंत्रित करेगी, लेकिन इसके बजाए भारत सरकार ने भारत-बोडो समस्या के हल के लिए बिना किसी राजनीतिक वार्ता अथवा विचार-विमर्श के केवल युद्ध

विराम को बढ़ाते रहने की नीतियां निर्मित कीं। युद्ध विराम के दौरान कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटीं। हमारी तीसरी बटालियन के काडर नहीं चाहते थे कि युद्ध विराम को जारी रखा जाए क्योंकि उनमें से कई लोग युद्ध विराम के आधारभूत नियमों को तोड़े जाने के नाम पर सुरक्षा बलों द्वारा मौत के घाट उतार दिए गए थे। हमारे अधिकांश नेता विलासिता का शिकार हो गए हैं और संगठन की संबद्धता को नजरअंदाज करते हुए अपने पारिवारिक कार्यों में व्यस्त हो गए हैं। 01 मई, 2009 को भारत सरकार के निदेशानुसार हमने प्रस्तावित कार्य सूची की एक प्रति उन्हें दी थी लेकिन नवीन वर्मा, जो कि भारत सरकार की तरफ से मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे थे, ने इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने हमसे प्रस्तावित कार्य सूची की संशोधित प्रति दुबारा प्रस्तुत करने के लिए कहा क्योंकि उनके अनुसार प्रस्तावित कार्य सूची की उक्त प्रति विदेशी भाषा में लिखी हुई थी। यह केवल इस बात को दर्शाता है कि भारत सरकार बातचीत के लिए एन डी एफ बी के साथ बैठने की इच्छुक नहीं है। हमारे कुछ नेताओं ने, जिन्हें सरकार की नीति के बारे में कोई ज्ञान नहीं था, शीर्ष नेताओं से परामर्श किए बिना प्रस्तावित कार्य सूची की संशोधित प्रति प्रस्तुत कर दी थी। इसका नतीजा यह हुआ कि एन डी एफ बी वार्ता-पक्षधर एवं वार्ता-विरोधी दो खेमो में बंट गया। अब सवाल यह उठता है कि हम वार्ता-विरोधी खेमे में क्यों हैं, इसका कारण यह है कि एन डी एफ बी के वार्ता-पक्षधर नेताओं ने जो प्रस्तावित कार्य सूची सौंपी थी उसमें आत्म-निर्णय का अधिकार, बोडो जनता के ऐतिहासिक अधिकारों तथा शहीदों की आकांक्षाओं को शामिल नहीं किया गया है। असली क्रांतिकारी एवं एन डी एफ बी के देशभक्त औपचारिक राजनीतिक वार्ताओं के समक्ष पार्टी की विचारधारा एवं सिद्धांतों से कभी भी समझौता नहीं कर सकते और यही वजह है कि हमें दुबारा हथियार उठाने के लिए बाध्य होना पड़ा।

स्वतंत्र बोडोलैंड की लड़ाई में अब तक हमने 800 से भी ज्यादा बहादुर लोगों की जाने गंवाई हैं। यह उनकी इच्छाओं एवं सपनों के पूरा करने का मामला है जिसके कारण हमें शत्रु के खिलाफ अपनी लड़ाइयां जारी रखनी होंगी। पिछले 22 वर्षों से एन डी एफ बी भारत सरकार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष कर रहा था। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब हम बंट गए हैं और हमारे बीच अन्तर्कलह है, जिसका फायदा हमारे शत्रु उठा रहे हैं। हमें सावधान रहना होगा ताकि हमारी फूट का कोई फायदा न उठा सके और इसलिए मैं दोनों गुटों अर्थात् युद्ध विराम तथा वार्ता-विरोधी गुटों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे इकट्ठे हों और एकजुट होकर नई ताकत से बोडोलैंड की आजादी की लड़ाई लड़ें। मै सभी को यह बताना चाहूंगा कि यदि हमारे छात्र, राजनेता और दूसरे संगठन प्रथक बोडोलैंड की लंबे समय की मांग को पूरा कर सकते हों तो हमारे संगठन को इससे बेहद प्रसन्नता होगी।

